

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 326

ग्वालियर, बुधवार, 19 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### महिलाओं के सिर के बाल चुराने वाले गिरफ्तार 35 किलो बाल बरामद

**नई दिल्ली।** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में पुलिस ने महिलाओं के सिर के बाल चुराने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से करीब 35 किलोग्राम महिलाओं के सिर के बाल भी बरामद किए हैं। पुलिस पुछताछ में चोर ने स्वीकार किया है कि वह पहले भी इस तरह की चोरी की कई वारदातों को अजांम दे चुका है। पुलिस अब इस चोर से चोरी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। मामला बाड़मेर जिले के सिणधरी थाने का है, जहां बीते शुक्रवार को दो चोरों ने कस्बे में एक कबाड़ी के गोदाम में ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़ित सुगनचन्द खटीक ने पुलिस को बताया कि उसके गोदाम में बने कमरे में तांबा, पीतल, एल्युमिनियम और महिलाओं के सिर के बाल आदि कीमती सामान रखकर ताला लगाया हुआ था।

### शाहरुख खान के बंगले के स्विमिंग पूल में नहाने पहुंचा एक फैंन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान दशकों से फैंस का मनोरंजन कर रहे हैं। उन्होंने सफलता का मुकाम हासिल करने के साथ देश ही नहीं, दुनिया में भी शोहरत हासिल की है।एसआरके की इतनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है, जिसका कोई ओर-छोर नहीं है। लेकिन कभी-कभी इन सितारों के इसतरह के फैंस होते हैं, जो उनके लिए कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। शाहरुख का भी एक ऐसा ही सिरफिरा फैन था, जो उनके मन्नत में घुस गया था। उन्होंने खुद इस बात का जिक्र किया है। शाहरुख खान ने बताया था कि एक शख्स उनका इतना बड़ा फैन था कि वहां सिक्योरिटी की नजरों से बचते हुए मन्नत के अंदर घुस गया था। लेकिन घर के अंदर जाने पर शाहरुख से मिलने की जगह वहां उनके स्विमिंग पूल के पास पहुंचा। अपने कपड़े उतारे और पूल में डुबकी लगा दी। जब शाहरुख शख्स से मिलने आए तब शख्स ने कोई सेल्फी या ऑटोग्राफ नहीं लिया। उसका कहना था, मैं कुछ नहीं चाहता। मैं बस उस पूल में नहाना चाहता था, जिसमें शाहरुख नहाते हैं।

### बच्चों ने रियलिटी शो में उड़ाया पीएम मोदी का मजाक

**नई दिल्ली।** शो में 14 साल से कम उम्र के दो प्रतिभागियों ने पीएम पर कथित व्यंग्य के लिए तमिल फिल्म इम्साई अरासन 23 एम पुलिकेसी की थीम को अपनाया था। निर्मल कुमार ने अपनी शिकायत में कहा है कि कार्यक्रम के दौरान, बच्चे जानबूझकर पीएम मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शो में नोटबंदी, पीएम की विभिन्न देशों की राजनयिक यात्राओं और पीएम की पोशाक के बारे में तीखी टिप्पणी की गई। मामले में निर्मल ने कहा, ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चीफ क्लस्टर ऑफिसर सिजू प्रभाकरन ने मुझसे कहा है कि वह कार्यक्रम से संबंधित सभी तरह के कॉन्टेंट को हटा देंगे और जल्द ही स्पष्टीकरण देंगे। दूसरी ओर प्रभाकरन ने कहा कि उनकी कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन टीम इस मुद्दे को देख रही है। प्रभाकरन ने आगे किसी भी तरह के कॉमेंट से इनकार कर दिया।

### यूपी की सत्ता से बीजेपी की बेदखली 1947 से बड़ी आजादी होगीः महबूबा मुफ्ती

**नई दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की चीफ महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस पार्टी से छुटकारा पाना 1947 से बड़ी आजादी होगी, क्योंकि वे देश को बांटना चाहते हैं। मुफ्ती ने जम्मू में पीडीपी के आदिवासी युवा सम्मेलन में कहा, यूपी में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, इसलिए भाजपा नेता औरंगजेब और बाबर को याद कर रहे हैं। आज हमें भाजपा से छुटकारा पाने का मौका मिला है। मुफ्ती ने विकास कार्यों के मुद्दे को लेकर बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा यह दिखाए कि कहां विकास हुआ है, जैसा कि उन्होंने राज्य को विकसीत करने का वादा किया था। उन्होंने कहा, वे नौकरियां और जमीन बाहरियों को दे रहे हैं और वादा करते हैं कि राज्य का विकास करेंगे। मुझे उनसे कहती हूं कि दिखाइए तो कि यूपी में विकास कहां हुआ है। वो यूपी के लोगों को अस्पताल तक मुहैया नहीं करवा पाते हैं। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। यूपी की 403 विधानसभा सीटों पर 10 फरवरी से लेकर 7 मार्च तक 7 चरणों में मतदान होगा। राज्य में 10 फरवरी को पहले चरण का मतदान होगा। 14 फरवरी को दूसरे चरण, 20 फरवरी को तीसरे, 23 फरवरी को चौथे चरण, 27 फरवरी को पांचवें, तीन मार्च को छठे और 10 मार्च को सातवें चरण का मतदान होगा। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा के शासन में जम्मू-कश्मीर का अस्तित्व खतरे में है।

### हाईकोर्ट ने दी दिल्ली दंगे के 6 आरोपियों को जमानत

# दुकान के अंदर मिली थी 22 साल के दिलबर नेगी की अधजली लाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली में CAA का विरोध करने के दौरान भड़के दंगों में की गई एक हत्या के 6 आरोपियों को हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। मंगलवार को जमानत पाने वालों में ताहिर, शाहरुख, मोहम्मद फैजल, मोहम्मद शोएब, राशिद और परवेज शामिल हैं। इन छह आरोपियों पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी एरिया में एक मिठाई दुकान में आग लगाने और वहां काम करने वाले 22 साल के दिलबर नेगी की हत्या करने का आरोप है। मामले की सुनवाई जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद कर रहे हैं। जस्टिस प्रसाद ने इस महीने की शुरुआत में आरोपियों की जमानत पर डिसिजन रिजर्व कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मौके पर मौजूद गवाहों के बयान और दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता अमित महाजन की दलीलों को सुना था।





### पुलिस ने दर्ज किया था मामला

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ गोकलपुरी थाना में आईपीसी की धारा 147 (दंगा करने की सजा), 148 (दंगा, घातक हथियार से लैस), 149 (गैरकानूनी सभा), 302 (हत्या), 201 (सबूत गायब करना), 436 (आग से शरारत) और 427 (नुकसान पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया थे। स्थानीय पुलिस ने बाद में जांच के लिए इस केस को क्राइम ब्रांच की SIT को ट्रांसफर कर दिया। जांच के दौरान मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 4 जून 2020 को चार्जशीट दाखिल की गई।

### दंगे से 6 महीने पहले दिल्ली आया था उत्तराखंड निवासी नेगी

आरोप है कि दंगे के दौरान जब भीड़ ने मिठाई की दुकान पर हमला बोला तो वहां काम करने वाला दिलबर नेगी अंदर ही मौजूद था। आरोपियों ने पहले उसके हाथ-पैर काट दिए और उसके बाद मिठाई की दुकान में आग लगा दी, जिसमें जलने के कारण उसकी मौत हो गई। बाद में जली हुई दुकान से उसकी अधजली लाश मिली थी। मृतक नेगी उतराखंड का रहने वाला था और घटना से 6 महीने पहले ही वह नौकरी की तलाश में दिल्ली आया था।

### गवाहों ने कहा था कि इमारत में छिपे लोग जलाए गए

पुलिस की तरफ से पेश गवाहों ने अदालत में कहा था कि दंगे के दौरान दंगाइयों ने पथराव किया, हिंदू विरोधी नारे लगाए, कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। दंगाई इस दौरान एक इमारत में घुस गए और एक व्यक्ति को मार डाला। उस इमारत जो लोग छिपे थे, उन्हें इमारत में आग लगाकर जला दिया गया।

### सरकारी वकील ने जताया विरोध

सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस के वकील महाजन ने आरोपियों को जमानत दिए जाने का कड़ा विरोध किया। उन्होंने ये दलील दी कि सुबह शुरू हुए दंगे देर रात तक जारी रहे। ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि आरोपी दोपहर में दंगा करने वाली भीड़ का हिस्सा थे, लेकिन वे रात में दंगे में शामिल नहीं थे।

उन्होंने कोर्ट में यह तर्क दिया कि हम सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित धारा 149 आईपीसी के सिद्धांत को लागू करते हैं, ऐसा नहीं है कि प्रत्येक आरोपी या प्रत्येक आरोपी द्वारा निभाई गई भूमिका को कम से कम जमानत अर्जी पर बहस के समय दिखाया जाना चाहिए। अगर हम यह दिखाने में सक्षम हैं कि वे दंगा करने वाली भीड़ का हिस्सा हैं, जो दंगों के लिए जिम्मेदार है, जिसके कारण दिलबर नेगी की मौत हो गई, कम से कम जमानत के लिए हमें और कुछ सोचने की जरूरत नहीं है।

## नाहिद हसन का अखिलेश यादव ने किया बचाव

**नई दिल्ली।** कैराना से समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार नाहिद हसन की गैंगस्टर ऐक्ट में गिरफ्तारी के बाद भारतीय जनता पार्टी अखिलेश यादव को घेर रही है तो खुद सपा अध्यक्ष ने अब अपने प्रत्याशी का यह कहकर बचाव किया है कि उनपर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार में सपा के नेताओं पर बहुत से झूठे केस दर्ज किए गए। उन्होंने आजम खान का भी उदाहरण दिया और कहा कि नाहिद हसन को भी इसी तरह फंसाया गया है। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश के साथ आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम भी मौजूद थे, जो हाल ही में जेल से बाहर आए हैं।नाहिद हसन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कई लोगों के ऊपर झूठे मुकदमे हैं, इतने हैं जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर बीजेपी सरकार में झूठे मुकदमे लगाए गए। एक जिला अधिकारी जो रामपुर के थे दूसरे राज्य से आए।

# सोनू सूद के वीडियो से सिद्धू की मुहिम को लगा झटका

### कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से डाला एक वीडियो

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू लगातार अपना माडल पेश करके ड्राइविंग सीट पर बैठने के संकेत दे रहे हैं। उनकी इस मुहिम को सोनू सूद के वीडियो से तगडा झटका लगा है। कल पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक वीडियो डाला है जिससे संकेत मिलता है कि कांग्रेस नवजोत सिंह सिद्धू के बजाय चरणजीत सिंह चन्नी पर अपना दांव खेलेगी।




इससे सिद्धू को बड़ा झटका लगा है। इस वीडियो में सोनू सूद कह रहे हैं कि असली चीफ मिनिस्टर वही जिसे जबरदस्ती कुर्सी पर लेकर आया जाए ..उसको मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़े . उसको बताना न पड़े कि मैं चीफ मिनिस्टर कैंडिडेट हूँ . मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी डिजर्व करता हूं, वो ऐसा होना चहिए जो बैक बेंचर हो। वो तो वह होना चाहिए जिसे पीछे से खींच कर आगे लाया जाए और बताया जाए कि मुख्यमंत्री की कुर्सी तो तू डिजर्व करता है, वही प्रदेश की काया पलट सकता है।% सोनू सूद के इतना बोलने के बाद ही मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के विभिन्न कार्यक्रमों के वीडियो चलने शुरू हो जाते हैं जिसमें वह साधारण व्यक्ति की तरह लाइन में बैठकर खाना खा रहे हैं। आम लोगों से मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को इसी तरह कांग्रेस ने सीएम की कुर्सी पर बिठाया था। वह मुख्यमंत्री की दौड़ में शामिल नहीं थे बल्कि उप मुख्यमंत्री बनने के बारे में ही सोच रहे थे। उनका मानना था कि पंजाब में सबसे ज्यादा दलित आबादी है, लेकिन उसे उस आबादी के अनुसार कभी पदवी नहीं मिली है।


# वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में बीच भाषण में रुके पीएम नरेंद्र मोदी टेलीप्रॉम्पटर बंद हो गया था : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम को वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने भारत को निवेश के लिए शानदार जगह बताते हुए दुनिया भर के निवेशकों से देश में आने की अपील की थी। लेकिन आज पीएम नरेंद्र मोदी के इस भाषण से ज्यादा उनके बीच में रुक जाने की एक क्लिप की चर्चा हो रही है। दरअसल वह भाषण के बीच में रुक जाते हैं और फिर वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के आयोजकों से पूछते हैं कि क्या उन्हें उनकी आवाज आ रही है। इस पर कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के टेलीप्रॉम्पटर ने काम करना बंद कर दिया था। पीएम नरेंद्र मोदी के बीच भाषण में रुक जाने की क्लिप को शेयर करते हुए कांग्रेस ने लिखा, टेलीप्रॉम्पटर पीएम अच्छा चलता हूं, दुआओं में याद रखना। यही नहीं एक और ट्वीट में कांग्रेस ने लिखा, हमें तो टेलीप्रॉम्प्टर ने लूटा, अपनों में कहां दम था। इसके साथ ही कांग्रेस ने हैशटैग टेलीप्रॉम्पटर



पीएम का भी इस्तेमाल किया है। यही नहीं अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए ट्वीट किया है, इतना झूठ भी नहीं झेल पाया। हालांकि भाजपा ने कांग्रेस के इन आरोपों को गलत करार दिया है। भाजपा नेता राहुल कोठारी ने गांधी के ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा कि टेलीप्रॉम्पटर का झूठ रचने वाले नेता की पार्टी के लोग यह सही वीडियो देख लें। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के यूट्यूब चैनल पर पीएम नरेंद्र मोदी का भाषण बीच में से ही शुरू हो गया था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### एशिया कप में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम : दीप ग्रेस

**मस्कट** । भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान दीप ग्रेस इक्का के अनुसार उनकी टीम एशिया कप में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। भारत को एशिया कप में पहले मैच में 21 जनवरी को मलेशिया से खेलना है। यह टूर्नामेंट जीतने पर उसे स्पेन और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे प्रवेश मिलेगा। इक्का ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है जिससे हम सत्र के आगे आने वाले मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पायेंगे। साथ ही कहा कि इस साल अनेक टूर्नामेंट होने हैं और हम जितना ज्यादा खेलेंगे, उतना ही अपने को आंकने का मौका मिलेगा। एशिया कप में बेहतर प्रदर्शन से टीम को लाभ होगा और इससे एशियाई खेलों के साथ ही राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भी उसकी लय बेहतर होगी। भारत के अलावा चीन, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, सिंगापुर, इडोनेशिया, जापान, मलेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें भी एशिया कप में खेल रहे हैं जिससे अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। इक्का ने कहा, 'हमारे लिए यह नई शुरूआत है। भारतीय टीम यहां 21 से 28 जनवरी तक होने वाले एशिया कप से एफआईएच महिला विश्व कप में जगह बनाने के प्रयास भी करेगी।

### 17 मार्च से शुरू होगी ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीमें वेलिंगटन में 17 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलेंगी। वहीं दो अन्य टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 18 मार्च (वेलिंगटन) और 20 मार्च (नेपियर) में खेले जाएंगे। इसमें हालांकि ऑस्ट्रेलियाई टीम डेविड वार्नर, स्टीव स्मिथ, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क के बिना ही उतरेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि यह दौरा कोविड-19 महामारी के कारण हुए नुकसान को देखते हुए न्यूजीलैंड क्रिकेट के सहयोग के लिए अहम रहेगा। कोरोना महामारी के कारण न्यूजीलैंड का गर्मियों का क्रिकेट कार्यक्रम बाधित हुआ था और हमें खुशी है कि हम इस टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे से अपने करीबी पड़ोसी का सहयोग कर पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने एक बयान में मार्च और अप्रैल में पाकिस्तान के तीन प्रारूपों के दौरे की पुष्टि की थी जो 24 साल में उनका पाकिस्तान का पहला दौरा होगा।

### पीएसएल में नजर नहीं आयेंगे अकमल

**लाहौर** । पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज कामरान अकमल सुपर लीग (पीएसएल) में नहीं खेलेंगे। अकमल ने इस लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। माना जा रहा है कि अकमल ने यह फैसला इसलिए किया है क्योंकि उन्हें डायमंड, गोल्ड की जगह सिल्वर कैटेगरी में रखा गया है। वह पीएसएल 2022 के ड्रॉफ्ट के दौरान पेशावर जाल्मी टीम की सिल्वर कैटेगरी में थे पर अब उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी से रिलीज करने को कहा है। इस क्रिकेटर के अनुसार इस वर्ग में किसी युवा खिलाडि?ों को खेलने का अवसर मिलना चाहिये। छह साल तक पेशावर के लिए खेलने वाले अकमल ने कहा कि टीम प्रबंधन से वह किसी भी प्रकार की सहानुभूति नहीं चाहिते हैं।

# IPL में अहमदाबाद ने 3 खिलाड़ी चुने, हार्दिक, राशिद को मिलेंगे 15-15 करोड़

**नईदिल्ली**। IPL 2022 के लिए अहमदाबाद की टीम ने तीन खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी के साथ जोड़ा है। ESPN क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार हार्दिक पंड्या और राशिद खान को 15-15 करोड़ रुपए और शुभमन गिल को सात करोड़ मिलेंगे। पंड्या टीम के कप्तान भी होंगे। 22 जनवरी तक IPL की दो नई टीमें लखनऊ और अहमदाबाद को तीन खिलाड़ी रिटेन करने थे।

अहमदाबाद ने अपने कोचिंग स्टाफ का चयन भी कर लिया है। टीम के मुख्य कोच आशीष नेहरा होंगे। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम सोलंकी को टीम का डायरेक्टर बनाया गया है। वहीं, भारत के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन टीम के मेंटर होंगे। इससे पहले हार्दिक मुंबई इंडियंस, राशिद सनराइजर्स हैदराबाद और शुभमन गिल कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे थे।

### शुभमन और राशिद की दूसरी टीम

शुभमन गिल की बात करें तो अहदमबाद IPL में उनकी दूसरी टीम होगी। 2018 के बाद से शुभमन कोलकाता से खेल रहे थे। तब कोलकाता ने उन्हें 1.8 करोड़ में खरीदा था। वहीं, राशिद को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2017 में चार करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद 2018 में हैदराबाद ने उन्हें नौ करोड़ रुपए में रीटेन किया था।







### हार्दिक के लिए लोकल फैक्टर आया काम

2015 में मुंबई की टीम ने पंड्या को 10 लाख में अपनी टीम में जोड़ा था। एक्सपर्ट्स का मानना है कि पंड्या गुजरात के हैं और स्थानीय फैंस के बीच उनकी लोकप्रियता को भुनाने के लिए फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि पंड्या अगर बॉलिंग नहीं भी करते हैं तो भी टीम के लिए फायदे का सौदा साबित होंगे।

**इस साल से लीग में 10 टीमें:** इंडियन प्रीमियर लीग में इस साल कुल 10 टीमें होंगी। पिछले महीने टीमों ने अपनी पसंद के अधिकतम चार खिलाड़ियों की लिस्ट IPL प्रबंधन को सौंपी थी। लखनऊ और अहमदाबाद टीम को अपने कुछ खिलाड़ियों की लिस्ट इस महीने के दूसरे सप्ताह तक सौंपनी है। IPL में इस बार मेगा ऑक्शन होना है। यह ऑक्शन 7 और 8 फरवरी को चेन्नई में होगा।

### गेंदबाजी नहीं कर पा रहे थे पंड्या

हार्दिक पंड्या 2019 में इंग्लैंड में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप से ही फिटनेस से जूझ रहे हैं। उन्होंने पीठ की सर्जरी भी कराई, लेकिन इसके बावजूद वे बॉलिंग फिटनेस हासिल नहीं कर पाए। IPL के पिछले सीजन में उन्होंने बॉलिंग नहीं की। टी-20 वर्ल्ड कप के शुरुआती मैचों में भी उन्होंने बॉलिंग नहीं की। इस कारण पंड्या को आखिरकार भारतीय टीम से अपनी जगह गंवानी पड़ी। मुंबई इंडियंस ने भी उन्हें रीटेन नहीं करने का फैसला किया।

# अय्यर पर लगी हैं तीन टीमों की नजरें, नीलामी में लग सकती है करोड़ों की रकम

**मुम्बई** । अगले माह आईपीएल के 2022 सत्र के लिए होने वाली मेगा नीलामी में बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पर मोटी रकम लग सकती है। श्रेयस पर इस बार तीन टीमों की नजरें है। एक रिपोर्ट के अनुसार ये टीमें पंजाब किंग्स , कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) हैं। ये टीमें अय्यर को कप्तान भी बना सकती हैं क्योंकि इनके पास अभी कोई कप्तान नहीं है। ऐसे में अय्यर की लाटरी खुलना तय है। उन्हें नीलामी में करोड़ों की रकम मिल सकती है। इससे पहले इस क्रिकेटर के लिए पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था। पहले हाफ में कंधे की चोट के कारण बाहर रहे अय्यर को दूसरे हाफ में कप्तान नहीं रखा गया था। वह आईपीएल 2021 से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान थे पर इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। इसी वजह से वो 6 महीने के लिए मैदान से दूर हो गए थे। ऐसे में उनकी जगह ऋषभ पंत को दिल्ली ने कप्तानी सौंप दी थी। इस क्रिकेटर ने यूएई में हुए दूसरे हाफ में वापसी की थी पर टीम प्रबंधन ने उन्हें दोबारा कप्तानी नहीं सौंपी। इतना ही नहीं, मेगा ऑक्शन से पहले उन्हें रिटेन भी नहीं किया। अब माना जा रहा है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में होने वाले मेगा ऑक्शन में उन भारी रकम लगेगी।



लीग में वह दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी कर चुके हैं और उनकी अगुवाई में टीम ने 2020 में आईपीएल फाइनल खेला था पर मुंबई इंडियंस से वह हार गयी थी। आईपीएल 2021 के बाद विराट कोहली ने आरसीबी की कप्तानी छोड़ दी है। लोकेश राहुल भी पंजाब किंग्स से अलग हो चुके हैं जबकि केकेआर ने भी हाल ही में जिन 4 खिलाड़ियों को रिटेन किया। उसमें कप्तान ऑयन मॉर्गन का नाम नहीं था। इस प्रकार ये तीनों ही टीमें कप्तानों की तलाश रही है और उनकी नजरें अय्यर पर रहेंगी। आरसीबी विराट के आरसीबी की कप्तानी छोड़ने के बाद, टीम अय्यर को अपना अगला कप्तान बनाने की इच्छुक नजर आ रही है और फरवरी में होने वाले मेगा ऑक्शन के दौरान आरसीबी उनपर बड़ी बोली लगा सकती है। अय्यर केकेआर और पंजाब किंग्स की नजरों में भी रहेंगे। ऐसे में यह टीमें भी नीलामी में इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि दिल्ली कैपिटल्स से अलग होने के बाद अय्यर दो नई फ्रेंचाइजी लखनऊ या अहमदाबाद में से किसी एक के कप्तान भी बन सकते हैं।

### रोहित अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से वापसी करेंगे

**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर है। एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान रोहित शर्मा मांसपेशियों में खिंचाव से तकरीबन उबर गये हैं और वह अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली छह मैचों की सीमित ओवरों की सीरीज से वापसी करेंगे। रोहित को दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले टेस्ट टीम का उपकप्तान बनाया गया था पर अभ्यास सत्र के दौरान ही मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह इस दौरे से बाहर हो गये थे। इसके बाद से ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रोहित का रिहैबिलिटेशन काफी अच्छा चल रहा है और उनके वेस्टइंडीज सीरीज तक फिट होने की पूरी उम्मीदें है। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे।






## गोरमी थाना प्रभारी सुरेश शर्मा की धमाकेदार कार्यवाही

# नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी






### अवैध शराब फैक्ट्री का जखीरा, ओपी शराब की कीमत लगभग 5 लाख

मेहगांव। गोरमी क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही शराब बनाने वाली फैक्ट्री पर पुलिस ने छापामार कार्यवाही की है। शराब बनाने वाली फैक्ट्री कई दिनों से संचालित थी जिसकी भनक लगते ही गोरमी पुलिस ने कार्यवाही को अंजाम दिया है। विदित हो अभी हाल ही में जहरीली शराब से दो सगे भाईयों की मौत होने का मामला सामने आया जिसके बाद पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट किया और जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री करने वालों पर कार्यवाही करने के आदेश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को बार बार निर्देशित किया कि किसी भी हालत में अवैध शराब निर्माण, परिवहन एवं विक्री न हो। इसी अभियान के चलते गोरमी पुलिस को बुधवार की शाम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम मानहड़ का अवैध शराब की फैक्ट्री लगाकर अवैध निर्माण किये हुए हैं।

मुखबिर से मिली सूचना पर गोरमी थाना प्रभारी सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा दबिश दी गयी तो देखा कि आरोपी अपने घर में अवैध शराब निर्माण कर रहा था उसको धर दबोचा उसके कब्जे से 48 बोतल इम्पीरियल ब्लू अंग्रेजी व्हिस्की, 72 हाफ बोतल मेकडॉवल व्हिस्की, 48 हाफ बोतल इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की, 290 ट्रेट पेक रॉयल क्लासिक व्हिस्की फूटी ), 48 क्वार्टर देशी प्लेन शराब, 04 केन में 200 लीटर ओपी शराब, वारदाना जिसमें 5000 खाली क्वार्टर, 5000 ढक्कन, 100 कार्टून, 2000 रेपर एक अल्कोहल मीटर, एक क्वार्टर पैक करने की मशीन कुल कीमती 05 लाख रुपए किया गया। जिस पर से थाना गोरमी पर अपराध 10/22 धारा 34 ( 2 ) 49 क आवकारी एक्ट का मामला पंजीबध्द किया एक आरोपी सम्राट उर्फ छोटे सिह पुत्र चंद्ररुप सिह भदौरिया निवासी ग्राम मानहड को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर गहन पूछताछ की जायेगी तथा आए साक्ष्य के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

### और इनकी रही भूमिका

निरी. सुरेश शर्मा, उनि न तोमर, कार्य सउनि दीपक तोमर, कार्य सउनि पूरन सिंह कार्य प्रआर. 1070 सुतार कार्य प्रआर. 295 मनीष , कार्य प्रआर. 1076 जितेन्द्र सिंह , आर. 319 सौरभ शर्मा, आर. 575 होम सिंह , आर. 644 दीपक 393 शेर सिंह, आर. 785 पंकज शुक्ला , आर. 554 नरेन्द्र सिंह , आर. 851 विजय, म. आर. 1050 भारती लोमर, म. आर. कुन्ती तोमर, आर. 1141 शिवकुमार, आरण सत्यभान, सैनिक चरनसिह शामिल रहे।

## सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया चार दिन जिले के भ्रमण पर

भिण्ड । सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया जिले में 19, 20, 21 एवं 22 जनवरी 2022 को चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 19 जनवरी 2022 को प्रातः10 बजे गर्ल्स स्कूल के सामने भिण्ड में अजय सिंह भदौरिया जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भिण्ड के पिता के निधन पर संवेदना, प्रातः10.15 बजे लोधी नगर शारदा टॉकीज के पास भिण्ड में अखिलेष पुरोहित के पिता निधन संवेदना, प्रातः11 बजे ग्राम गढ़ूपुरा में शिवराज यादव लला के निवास पर उनके पिता के निधन पर संवेदना व्यक्त करने के उपरांत दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत रिदौली के ग्रामों में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूजन, दोपहर 1.30 बजे ग्राम पंचायत परा में बोरेश्वर मार्ग का लोकार्पण एवं विकास कार्यो का लोकार्पण, राजू ढमोले के निवास पर जनसंपर्क, दोपहर 2.30 बजे ग्राम पंचायत कदौरा में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, दोपहर 3.30 बजे ग्राम पंचायत खरिका में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेगें। इसी प्रकार मंत्री डॉ भदौरिया 20 जनवरी 2022 को प्रातः11 बजे ग्राम पंचायत दीनपुरा के ग्राम मिरचौली में मिरचोली से कनकूरा मार्ग का भूमिपूजन, दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत रानी विरगवां में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, दोपहर 1.30 बजे फूप में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण, दोपहर 2.30 बजे ग्राम पंचायत समन्ना में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, दोपहर 3.30 बजे ग्राम पंचायत बरही में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन का लोकापर्ण एवं सायं 4.30 बजे ग्राम पंचायत रानीपुरा में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेगे। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया 21 जनवरी 2022 को प्रातः11 बजे ग्राम पंचायत मटघाना में, दोपहर 12.30 बजे ग्राम पंचायत सकराया में, दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत गजना में, दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत दुल्हागन में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। तत्पष्चात सायं 4 बजे ग्राम पंचायत मधैयापुरा में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा महेष सिंह भदौरिया के पुत्र के निधन पर संवेदना करेगें। लोक सेवा प्रबंधन मत्री डॉ भदौरिया 22 जनवरी 2022 को प्रातः11 बजे ग्राम जगन्नाथपुरा जवासा में आयल एवं फ्लोरमिल का उदघाटन, दोपहर 12 बजे पुरानी रेल्वे लाईन के पास वार्ड क्र.4 भिण्ड में कलश मैरिज गार्डन का लोकार्पण एवं मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह, दोपहर 1.30 बजे जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में अटेर क्षेत्र के विकास कार्यो की समीक्षा बैठक, सायं 4 बजे भिण्ड से कार द्वारा ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा किया गया लाल माटी बस्ती में कंबल एवं रजाई का वितरण



जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिला सदस्यों ने 17 जनवरी को हस्ष्ठत प्रोग्राम के अंतर्गत लाल माटी पर गरीब बस्ती में जाकर बुजुर्ग और दिव्यांग महिलाओं और पुरुष ब बच्चों में 50 कंबल और 50 रजाईयो का वितरण किया अध्यक्ष जेसीआशु अग्रवाल ने बताया की ठंड में रजाई और कंबल बांटकर कर उन्हें ठंड से कुछ राहत देने की कोशिश की क्योंकि इन दिनों ठंड अपने चरम सीमा पर है इस कार्य में उनका साथ दिया जॉन कोऑर्डिनेटर जेसी प्रियंका शिवहरे आईपीपी जेसी स्मिता सिंघल सचिव जेसी रश्मि गोयल जेसी संध्या अग्रवाल जेसी नीतू जैन जेसी नीता श्रीवास्तव जेसी रुचि मंगल जेसी दुर्गेश गुप्ता जेसी निशा गोयल जेसी अंजू गर्ग आदि महिलाएं उपस्थित रहीं

### आओ हाथ बढ़ायें सेवा संस्था का सप्तम कार्यक्रम जरूरतमन्दों को कम्बल वितरण किये



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर** । मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर आओ हाथ बढ़ायें सेवा संस्था का सप्तम कार्यक्रम जरूरतमन्दों के लिए कम्बल एवं स्नैक्स का वितरण इस मौके पर कमल , डॉ. विशाल, अनूप, श्रीमती संगीता, विश्वम्भर, दिनेश, शैलेंद्र, आनन्द हरेंद्र के सहयोग से तथा शिवकांत, विवेक महेश, आलोक एवं हिमांशु के विशेष प्रयासों से कंपकपाती सर्दी में अर्धरात्रि के समय जगह जगह घूमते हुए सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, सभी प्रायोजकों एवं सभी बंधुजनों का सह्रदय धन्यवाद।

### अनुविभागीय अधिकारी लहार द्वारा नेत्रहीन परिवार के दो सदस्यों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत

भिण्ड । एसडीएम लहार आरए प्रजापति द्वारा बताया गया कि नगर दबोह के वार्ड क्र. 2 में निवासरत एक नेत्रहीन सदस्यों के परिवार के संबंध में मुझे सूचना मिली थी कि दबोह के वार्ड क्र.2 में नेत्रहीन परिवार रहता है जिनको शासन से कोई सहायता नहीं मिलती है। इस तथ्य की जाँच मैंने स्वयं नगर परिषद दबोह की टीम के साथ वार्ड क्र. 2 दबोह में निवासरत रामसेवक विश्वकर्मा के परिवार में पहुंचकर पूछताछ की गयी जानकारी लेने पर पता चला कि रामसेवक विश्वकर्मा पुत्र डरू निवासी चौक मोहल्ला वार्ड क्र.2 दबोह नेत्रहीन नहीं है उसे 600 रूपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन प्राप्त होती है रामसेवक की पत्नी उम्र 55 वर्ष एवं पुत्र आशीष उम्र 26 वर्ष दोनों नेत्रहीन हैं जिनके डॉक्यूमेन्ट्स (कागजात) लिये जाकर दोनों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन नगर परिषद दबोह से स्वीकृत करा दी गयी है, इस परिवार में अन्योदय राशनकार्ड होने से 35 कि.ग्रा. राशन प्रतिमाह उचित मूल्य दुकान से प्राप्त हो रहा है। रामसेवक की पुत्री श्रीमती मनीषा उम्र 35 वर्ष एवं श्रीमती मनीषा की पुत्री शिवन्या उम्र 5 वर्ष दोनों नेत्रहीन हैं किन्तु मनीषा की शादी ग्राम दावनी तहसील सेवढ़ा जिला दतिया में होने से वहीं रहती है तथा श्रीमती मनीषा को प्रतिमाह 600 रूपये पेंशन प्राप्त होती है, श्रीमती मनीषा के पति राजेन्द्र पुत्र रामरतन विश्वकर्मा निवासी ग्राम दावनी तहसील सेवढा जिला दतिया में रहते हैं। इस प्रकार श्रीमती मनीषा और उसकी नेत्रहीन पुत्री शिवन्या दतिया जिले की निवासी होने से अब रामसेवक विश्वकर्मा निवासी दबोह के परिवार की सदस्य नहीं हैं, रामसेवक विश्वकर्मा निवासी दबोह को प्रधानमंत्री आवास 03 नवंबर 2021 को कलेक्टर द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है जिसका डीपीआर बनने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। डीपीआर राशि स्वीकृति उपरांत आवास तैयार करा दिया जावेगा।

### अनुविभागीय अधिकारी लहार द्वारा मृतक वारिसान को अंत्येष्टि राशि प्रदान कर,

**दो लाख रूपये शासन नियमानुसार स्वीकृति हेतु भेजा प्रस्ताव**

भिण्ड । एसडीएम लहार आरए प्रजापति द्वारा बताया गया कि सेवाराम पुत्र भोगीराम दोहरे उम्र 49 वर्ष लगभग, निवासी जगदीशपुरा तहसील लहार की 13 जनवरी 2022 को ह्रदयगति रूक जाने के कारण मृत्यु हो गयी थी, मृतक सेवाराम कृषि मजदूरी कार्य करते थे जिनके वारिसान को तत्समय शासन द्वारा 5000 रूपये अन्त्येष्टि हेतु दी जा चुकी है, तथा मृतक का नाम संबल योजना में सम्मिलित होने से वारिसान को दो लाख रूपये शासन नियमानुसार स्वीकृति हेतु भेजा।

### भ्रमण/कार्यक्रमों में कोविड-19 की गाईडलाईन का करें पालन

भिण्ड । अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड, अटेर, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी फूप को पत्र जारी कर भ्रमण/ कार्यक्रमों के दौरान शासन द्वारा जारी की गई कोविड-19 की गाईडलाईन का पालन अनिवार्य रूप से किया जाना सुनिश्चित करें। दिनांक 18 जनवरी से जिले के भ्रमण पर प्रदेश के सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री का दौरा कार्यक्रम प्राप्त हुआ है।


## कलेक्टर ने जनसुनवाई में 60 आवेदनों पर दिए कार्यवाही के निर्देश



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस की अध्यक्षता में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनसुनवाई कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर ने 60 आवेदकों की गंभीर होकर फरियाद सुनी। जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, अन्य विभागीय अधिकारी एवं अपनी समस्याऐं लेकर आए शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपो का संधारण, पेंशन, सडक दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनो पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करने के निर्देष दिए। साथ ही जनसुनवाई में आए आवेदको को उनके द्वारा दिए गए आवेदनों की पावती उपलब्ध कराई।

### भीषण सर्दी से आये दिन मर रहे गाये बछड़े



भिण्ड। आलमपुर कस्बे में भीषण सर्दी के चलते कई आवारा गौवंश की मौत हो चुकी है। बीते सोमवार को भी आलमपुर कस्बे में कुछ स्थानों पर आवारा गाय बछड़े मृत अवस्था में पड़े मिले हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा अभी तक इन बेजुवान गाय बछड़े के बचाव हेतु कोई प्रयास शुरू नहीं किये गये हैं। हमारे आलमपुर संवाददाता ने बताया कि आलमपुर कस्बे में सैकड़ों की तादाद में आवारा गाये बछड़े मौजूद है। जो बाजार और बस्ती के अंदर घूम फिर कर अपना पेट भरते हैं। लेकिन पिछ्ले दिनों आलमपुर क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश और ओलावृष्टि के बाद जबरदस्त सर्दी पड़ रही है। जिससे आलमपुर कस्बे में आये दिन आवारा रूप से विचरण करने बाले गौवंश की मौत हो रही है। आलमपुर कस्बे में कई जगह गाये बछड़े मृत अवस्था में पड़े मिल रहे है।

### कलेक्टर एवं एसपी इंदुर्खी में जहरीली शराब के सेवन से मृतक के परिजनो से मिलने पहुंचे



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान विकास खण्ड रौन के ग्राम इंदुर्खी में जहरीली शराब के सेवन से मृत व्यक्तियों के परिजनो से मिले। उन्होंने परिजनो से घटना के संबंध में चर्चा कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही मृतक के परिजनो को अत्येष्टि हेतु 5-5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनो को शासन से मिलने वाली हर संभव मदद दिलाने का आष्वासन दिया।

### किसान ने ज्वार वापस प्राप्त की उन्हें कोई परेशानी नहीं, ज्वार में शीलन नहीं पाई गई

भिण्ड । जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेष पाण्डेय ने बताया कि ज्वार एवं बाजरा अमानक स्तर का होने के कारण किसानो को वापिस किया जा चुका है। मौके पर उपस्थित किसान रामअवतार निवासी टुडीला द्वारा बताया कि वह ज्वार वापिस प्राप्त करने आऐ उन्हें ज्वार वापिस मिल गई और उन्हें कोई परेशानी नहीं है, ज्वार में शीलन नहीं पाई गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गोहद द्वारा की गयी उनके द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि सेवा सहकारी संस्था चितौरा द्वारा ज्वार एवं बाजरा का समर्थन मूल्य पर केन्द्र संचालित किया जा रहा है। उक्त केन्द्र पर 23 किसानों द्वारा 1562.50 क्विटंल ज्वार एवं 03 किसानों 216 क्विटंल बाजरा समर्थन मूल्य पर विकय किया गया था। उक्त ज्वार एवं बाजरा अमानक स्तर का होने के कारण संबंधित किसानों को वापिस किया जा चुका है। मौके पर उपस्थित किसान रामअवतार निवासी टुडीला द्वारा बताया गया कि वह ज्वार बापिस प्राप्त करने आये उन्हे ज्वार वापिस मिल गयी है। उन्हें कोई परेशानी नही है। ज्वार में शीलन नही पायी गयी। किसान महाराज सिंह निवासी टुडीला द्वारा बताया गया है कि उन्हें ज्वार वापिस प्राप्त हो गयी है। ज्वार की गुणवत्ता से कृषक सहमत है और वह सतुष्ट है। समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्र टुडीला पर विकय की गयी ज्वार/बाजरा सभी किसानों को वापिस की जा चुकी है। खरीदी केन्द्र पर ज्वार/बाजरा का संग्रह विकय केन्द्र के कमरों में संग्रहित था, जिसमें शीलन नही पायी गयी।

## लाड़ली लक्ष्मी योजनान्तर्गत लापरवाही बरतने पर तीन पर्यवेक्षकों को नोटिस




भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने शासन की महत्वाकांक्षी लाडली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में भौतिक लक्ष्यपूर्ति करने में लापरवाही बरतने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना रौन सेक्टर जेतपुरा गुढा की पर्यवेक्षक रीना राठौर, सेक्टर नौधा/रायपुरा की पर्यवेक्षक रेनू चतुर्वेदी एवं सेक्टर गोरई की संविदा पर्यवेक्षक आरती सोलंकी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से कलेक्टर को प्रस्तुत करने को कहा है। नोटिस में कहा है कि लाडली लक्ष्मी योजना मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है उक्त योजनातर्गत संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल से निर्धारित लक्ष्य अनुसार समस्त पात्र बालिकाओं को योजनातर्गत लाभ दिये जाने के निर्देश है जिसके संबंध में आपको आपके सेक्टर अंतर्गत समस्त पात्र बालिकाओं को निर्धारित समय सीमा में लाभ दिलाये जाने के निर्देश निरंतर प्रदान किये जाकर निर्धारित लक्ष्य पूर्ति किए जाने के निर्देश वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा आपको पत्र के माध्यम से एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में दिये जाते रहे हैं। परियोजना अधिकारी रौन ने पत्र 30 दिसम्बर 2021 के द्वारा प्रस्तुत जानकारी में आपके सेक्टर अंतर्गत दिये गये निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध लक्ष्यपूर्ति अत्यंत कम पायी गई है। इससे स्पष्ट है कि आपके द्वारा वरिष्ठ के आदेशों का पालन न किया जाकर शासन की महत्वाकांक्षी हितग्राही मूलक लाडली लक्ष्मी योजना में रूचि नहीं ली जा रही है। आपका उक्त कृत्य पदीय कर्तव्यों के निर्वहन एवं शासकीय निर्देशों की अवहेलना का प्रतीक होकर म0प्र0 सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-123 का स्पष्ट उल्लंघन का द्योतक है।

अंत क्यों न आपके विरूद्ध म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा नियम नियम 1966 के नियम 10 (4) के तहत क्यों ना पर्यवेक्षक रीना राठौर एवं पर्यवेक्षक रेनू चतुर्वेदी की 02 आगामी वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जावे साथ ही संविदा पर्यवेक्षक आरती सोलंकी का अनुबंध समाप्त किये जाने हेतु वरिष्ठ कार्यालय को लिखा जावे। आप 07 दिवस में लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कर जारी उक्त कारण बताओ सूचना पत्र के संबंध में अपना लिखित जबाव पत्र प्राप्ति को 07 दिवस में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला भिण्ड के माध्यम से कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करें नियत अवधि में कार्य पूर्ण न होने एवं समाधानकारक जबाव प्राप्त न होने की दशा में यह मानकर कि आपको कुछ नहीं कहना है. नियमानुसार एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगे।

## नये साल में 'बच के रहना रे बाबा'

नया साल कैलेंडर में बदल गया था, वैसे ही जैसे फाइलों में देश। लेकिन दिन को उजाला नसीब नहीं हुआ था। वैसे ही जैसे देश के कई घरों को बिजली। कोहरे ने सूरज को ऐसे ढक रखा था जैसे राष्ट्रीय नेता के पोस्टर को छुटभइया नेताओं का फोटो। चारों तरफ नये साल की खुशी से ज्यादा धुंध और शराब की बोतलें फैली हुई थी। धुंध में नया साल कहीं दिख ही नहीं रहा था। हमारे पुन्नीलाल बड़े भोर से उठ गए नये साल से गले मिलने। नया साल तो मिला नहीं, कचरा फेंकने जा रहे हम उन्हें मिल गए। देखते ही न जाने क्यों उन्हें मेरे मुखमंडल में नया साल नज़र आया और मेरे ही गले पड़ गए। बधाई की इस जबरन आदान-प्रदान की क्रिया के बाद हम नित्यक्रिया हेतु जाने लगे तभी पुन्नीलाल धुंध को अपनी केसर युक्त पिचकारी से लाल वर्ण करते हुए बोले- गुरु, तो और क्या संकल्प लिए नये साल में, क्या रेसोल्यूशन बनाए? हम कहे 'बच के रहना' ही हमारा संकल्प है। पुन्नी सकपका के कनटोप उतार के बोले, गुरु ये कैसा संकल्प हुआ। मैंने कहा, हां भई, कोरोना के बदलते रूपों से बच के रहना और जिन्दा बचे रहना यही संकल्प लिया। बच के रहना सभी ब्लैक-येलो फंगस, डेल्टा-ओमीक्रोन से। बचे रहना सभी जानलेवा संक्रमणों से, गत दो सालों से यही एक संकल्प चल रहा है। पुन्नीलाल बोले, बहुत मजबूत संकल्प ले लिए हो। हम कहे, जितनी कमज़ोर हमारी स्वास्थ्य सेवाएं हैं उसमें ज़िंदा रहने के लिए मजबूत संकल्प ही सहारा है। अगर संकल्प ही स्वास्थ्य सेवाओं जैसा ले लिया तो साल पूरा होने से पहले हम ही पूरे हो जायेंगे और संकल्प इस धरा में ही धरा रहा जायेगा। पुन्नीलाल ने पुनः प्रश्न किया 'अगर इन प्राणघातक बीमारियों से बच गए तब क्या कोई नया संकल्प लोगे? मैंने कहा संकल्प तब भी यही होगा 'बच के रहना'। बच के रहना घूसखोर पुलिसवालों से, बेईमान सरकारों से, नोट वाले शिक्षकों से, वोट वाले भिक्षकों से, ढोंगी बाबाओं से, धर्म के आकाओं से, सरकारी आंकड़ों की सच्चाई से, नेताओं की अच्छाई से, व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के ज्ञान से, फेक न्यूज़ के सामान से। अगर इन सब से बच गए तो दोगले रिश्तेदारों से, उधार के व्यापारों से, जलनखोर मित्रों से, भड़कीले चित्रों से। वैसे बचना तो चाहते हैं जेब काटती महंगाई से, रोज़ बढ़ते दामों से, किचन के बिगड़ते बजट से, थाली से गायब होते घी-टमाटर, मटर से, लेकिन सरकार वो अपने बस में नहीं है।' पुन्नीलाल थोड़ा ठिठक के बोले, अच्छा है, हम भी इनसे बच के रहने का संकल्प लिस्ट में जोड़ लेते हैं। अब विदा की वेला में वो जैसे ही गले मिलने के लिए बढ़े मैंने कह दिया कि एक संकल्प और जोड़ लो। किसी के भी गले न पड़ने का। आज के समय में बड़ा हानिकारक है।

# हैवानियतः दरिंदों को फांसी की सजा से रुकेगें दुष्कर्म ?

**नरेन्द्र भारती**

नव वर्ष 2022 में अपराध की तारीख बदली ,मगर तस्वीर नहीं बदली,एक बार फिर वहशी दरिंदों द्वारा राजस्थान के अलवर में एक मूक बधिर सोलह साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म से कायनात कांप उठी है।बर्बरता की इस घटना ने राजस्थान की धरती को कंलकित किया है।दुष्कर्म के बाद वहशी दरिंदों ने उसे अलवर के तिजारा फाटक के पास फैंक दिया। दुष्कर्म की वारदात से हर भारतीय उद्वेलित है। राष्ट्रीय अपराध व्यूरों के मुताबिक देश में लगातार दो सालों से दुष्कर्म के सबसे अधिक मामले राजस्थान में दर्ज किए गए हैं।दुष्कर्म की इस वारदात ने निर्भया सामूहकि दुष्कर्म के रिसते जख्मों को कुरेद दिया है। निर्भया के दरिंदों को तो उनके कर्मों की सजा मिल चुकी है। यह रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना बहुत ही दुखद है।हर रोज अस्मत लूटी जा रही है।दरिंदों द्वारा हर राज्य में दरिंदगी का सामाज्य बना रहे है।दरिंदों की अराजकता बढ़ती ही जा रही है।जंगलराज िस्थितियां बन रही है।कानून को धता बताकर दरिंदें दरिंदगी का तांडव कर रहे है। दरिंदों को सरेआम मौत के घाट उतारना होगा ताकि आने वाले समय में दरिंदे कई बार सोचेगें की उनकी करतूतो का क्या अंजाम होगा। आखिर कब तक बेटियां दरिंदों की दरिंदगी का शिकार होती रहेगी। ऐसी बारदातें बहुत ही चिंतनीय हैं।,एक बार फिर वहशी दरिंदों ने हैदराबाद में एक डाक्टर से सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी लाश को जला दिया।खौफनाक वारदात से हर भारतीय सदमें है।देश में बेटियां हर जगह असुरक्षित महसूस कर रही हैं। कभी निर्भया गैगरेप तो कभी हिमाचल का गुड़िया कांड तो कभी कुठुआ में दुष्कर्म ,उन्नान व रेवाडी कांड हो चुके है।2019 में हैदराबाद में एक डाक्टर से सामूहिक दुष्कर्म किया था और उसकी लाश को जला दिया था। आखिर यह दुष्कर्म कब रुकेंगें।यह यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। फांसी के जितने भी मामले लंबित हैं त्वरित कारवाई करके दरिंदों का सर्वनाश करना चाहिए। कानूनों को धत्ता बताकर बीमार मानसिकता के बेखौफ हवसी दरिंदें अराजकता फैला रहे है कानून का कोई डर नहीं है।जंगलराज जैसे हालात पैदा हो रहे है।बेटियां खौफजदा है। दरिंदों की दरिंदगी की वारदातें कब रुकेगी, बेटियों की सुरक्षा के दावे कहां है।यह एक यक्ष प्रशन है यहसुलगते प्रशन है कि बेटियां कब सुरक्षित होगी।जघन्य व दिल दहला देने वाली दुष्कर्म की घटनाओं से जनमानस खौफजदा है।16 दिसंबर 2012 से दिसंबर 2021तक दुष्कर्मों का सिलसिला जारी रहा ऐसा कोई दिन न बीता होगा जिस दिन दरिंदों ने किसी की इज्जत की नीलामी न लगाई होगी पूरे 365 दिन बैखौफ दरिंदों के कारनामें बदस्तूर जारी रहे। आंकड़ों के अनुसार 12 सितंबर 2018 को हरियाणा के रेवाड़ी में एक 19 साल की मेधावी छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर दिया था।27 जून 2018 को मध्यप्रदेश के मंदसौर में एक सात साल की नाबालिग स्कली बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म की जघन्य घटना से हर भारतीय उद्वेलित हुआ था।यह बच्ची तीसरी में पढ़ती थी। मासूम से हुई दरिदगी व हैवानियत की यह घटना बहुत ही दिल दहलाने वाली थी। दरिंदों ने जिस बर्बरता व हैवानियित से घटना को अंजाम दिया था उससे रौगटे खडे हो जाते है। दरिंदों ने दरिंदगी की हदे पार कर दी थी। अब समय आ गया है कि दरिंदों को फांसी की सजा से ही इन मामलों पर विराम लग सकता है।वर्ष 2021 के जनवरी माह से देश के हर राज्य में इन मामलों में बेतहासा वृद्धि दर्ज की गई थी।साल के 12

माह में यह दुष्कर्म रुकने का नाम नहीं ले रहे थें।सरकार को इन मामलों पर त्वरित कारवाई करनी होगी।हर रोज दरिंदें दरिंदगी का तमाशा कर रहे है।देश में दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है।इससे पहले कठुआ में भी एक बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया था। प्रतिदिन इन अपराधों में इजॉफा होता जा रहा है।देश में दरिदगी की वारदातें कब रुकेगीं।गत वर्ष हिमाचल में भी गुडिया कांड हुआ था।इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में दिल दहला देने वाला कृत्य हुआ था जब द्वारका नार्थ इलाके में देर रात टैक्सी से घर लौट रही एक महिला से उबर जैसे रेप का मामला घटित हो गया था।यह



बहुत ही घिनौना कृत्य है कि ऐसे प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। देश में लड़कियां कितनी महफूज है इन घटनाओं से अंदाजा लगाया जा सकता है। 16 दिसंबर 2012 दिल्ली गैगरेप के बाद न तो हालात बदले और न ही बलात्कार रुके निरंतर इन घटनाओं में इजाफा होता गया ज्यों-ज्यों दवा की मर्ज बढ़ता गया इसे पुलिस व्यवस्था की लापरवाही करार देना ठीक होगा क्योकि इन 9 सालों में हजारों बलात्कार की घटनाएं घटित हुई हैं 16 दिसंबर 2012 की घटना के बाद तो इतने दुष्कर्म हुए हैं कि थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।देश के प्रत्येक राज्य में इन केसों में निरंतर बढोतरी हो रही है यदि इन दरिंदों को फांसी हो जाती है तो इन मामलों पर रोक लग सकती है क्योकि ऐसे दरिंदें लोगो को एक सबक मिल जायेगा कि गलत काम करने का अंजाम क्या होता है। भेडियों व दरिंदों की मानसिकता न बदली है और न बदलेगी इन दरिंदों को फांसी ही आखिरी विकल्प है। मुम्बई में एक महिला फोटोग्राफर से गैंगरेप ने भी हर भारतीय को हिला दिया था। निर्भया के बाद दिल्ली में गुडिया के साथ भी रौंगटे खडे कर देने वाला कुकृत्य हुआ था उसमें भी मनोज नामक आरोपी ने हैवानियत की हदें पार की थी ।बलात्कार की घिनौनी वारदातों के कारण विश्व गुरु की इतनी फजीहत हो रही है कि दुनिया में बदनामी हो गई हैं। कुछ बीमार व नीच मानसिकता के लोगो ने भारत की छवि को दागदार किया है जनमानस को अब संकल्प लेना होगा तथा एकजुट होकर ऐसे लोगों का खात्मा करना होगा जो देश के लिए कंलक हैं। ताकि आने वाले समय में ऐसे अमानवीय कृत्यो पर लगाम लग सके ।यदि अब भी कानूनों में सख्ती न बरती तो ऐसे दरिंदें फिर से इन घिनौनी वारदातों को अंजाम देते रहेगें ।इसलिए अब ऐसे लोगों को समाज से बहिष्कृत करना चाहिए। केन्द्र सरकार को चाहिए कि देश के सार्वजनिक स्थलों पर हर समय सुरक्षा व्यवस्था कायम की जाए। सादी वर्दी में महिला पुलिस तैनात करनी चाहिए। सरकार को बिना समय गंवाए इन दरिंदों का खात्मा करना चाहिए। ऐसे दरिंदें देश के लिए घातक हैऐसे दरिंदें न जाने कैसे वातावरण में रहते होगें ।ऐसे लोगो को समाज की कोई फिक्र नहीं होती कि उनके कृत्यों से पूरा समाज द्रवित होता है । समाज में ऐसे लोग बहुत ही घातक सिद्ध हो रहे है । ऐसी घटनाओं पर रोक के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने होगे ।ऐसे दुष्कर्म सामाजिक मूल्यों का पतन दर्शातें है कि समाज में विकृत मानसिकता के लोगों का बोलबाला होता जा रहा है ।इन मामलों से इन्सानियत तार-तार हो रही है ।समाज को ऐसे अपराधिक प्रवृति के लोगों की पहचान करनी होगी । यदि अब भी समाज के लोगों ने इन दरिंदों को सबक नहीं सिखाया तो फिर से कोई और लड़की दरिंदों की दरिदगी का शिकार होगी । अब समाज को जागना होगा ,दरिंदों का खात्मा करना होगा ।कानून के रखवालो को भी समाज में घटित इन हादसों पर गहराई से चितंन करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे प्रकरणों पर विराम लग सके । ऐसे लोगो को समाज से बहिष्कृत करना चाहिए। अगर यह प्रवृति बढ गई तो हालात बेकाबू हो जाएगें । पुलिस को भी अपने कर्तव्य का निर्वाह करना होगा ताकि पुलिस की छवि बरकरार रहे और समाज में ऐसे हादसे रूक सके । इन बलातकारियों को सजा ए मौत से ही दुष्कर्मो पर लगाम लग सकती है।तभी यह अपराध रुक सकते हैं। अगर सरकारों ने अब भी लापरवाही बरती तो हर रोज यह सिलसिला जारी रहेगा तथा चारों तरफ अराजकता फैलेगी ।केन्द्र सरकार को भी इन हादसों पर बिना समय गंवाए इन दुष्कर्मो को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने चाहिए ताकि देश में ऐसी वारदातों की पुनरावृति न हो सके । इनका नामोनिशन मिटाना होगा। तभी बहु-बेटियों बेखौफ होकर घूम सकती है ।वक्त अभी संभलने का है अगर अब भी दुष्कर्म के इन मामलों को अनदेखा किया तो ऐसे दरिदें हर गली व चैराहे पर दरिदगी को अंजाम देते रहेगें।ऐसे दरिदों को सरेआम फांसी देनी चाहिए।

## अपूर्णता से पूर्णता की ओर

मनुष्य का बाह्य जीवन वस्तुत़ उसके आंतरिक स्वरूप का प्रतिबिम्ब मात्र होता है। जैसे ड्राइवर मोटर की दिशा में मनचाहा बदलाव कर सकता है। उसी प्रकार, जीवन के बाहरी ढर्रे में भारी और आश्चर्यकारी परिवर्तन हो सकता है। वाल्मीकि और अंगुलिमाल जैसे भयंकर डाकू क्षण भर में परिवर्तित होकर इतिहास प्रसिद्ध संत बन गये। गणिका और आम्रपाली जैसी वीरांगनाओं को सती-साध्वी का प्रात़ स्मरणीय स्वरूप ग्रहण करते देर न लगी। वामित्र और भतृहरि जैसे विलासी राजा उच्च कोटि के योगी बन गये। नृशंस अशोक बौद्ध धर्म का महान प्रचारक बना। तुलसीदास की कामुकता का भक्ति भावना में परिणत हो जाना प्रसिद्ध है। ऐसे असंख्य चरित्र इतिहास में पढ़े जा सकते हैं। छोटी श्रेणी में छोटे-मोटे आश्चर्यजनक परिवर्तन नित्य ही देखने को मिल सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि जीवन का बाहरी ढर्रा जो चिर प्रयत्न से बना हुआ होता है, विचारों में भावनाओं में परिवर्तन आते ही बदल जाता है। मित्र को शत्रु बनते, शत्रु को मित्र रूप में परिणत होते, दुष्ट को संत बनते, संत को दुष्टता पर उतरते, कंजूस को उदार, उदार को कंजूस, विषयी को तपस्वी, तपस्वी को विषयी बनते देर नहीं लगती। आलसी उद्योगी बनते हैं और उद्योगी आलस्यग्रस्त होकर दिन बिताते हैं। दुगरुणियों में सद्गुण बढ़ते और सद्गुणी में दुगरुण उपजते देर नहीं लगती। इसका एकमात्र कारण इतना ही है कि उनकी विचारधारा बदल गई, भावनाओं में परिवर्तन हो गया। संसार का जो भी भला-बुरा स्वरूप हमें दृष्टिगोचर हो रहा है, समाज में जो कुछ भी शुभ-अशुभ दिखाई पड़ रहा है, व्यक्ति के जीवन में जो कुछ उत्कृष्ट-निकृष्ट है, उसका मूल कारण उसकी अंतर्स्थिति ही होती है।

## अनूठे कलाकार बिरजू महाराज

**सिद्धार्थ शंकर**

कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज के निधन से भारतीय कला जगत ने अपने एक अनूठे कलाकार को खो दिया है। बिरजू महाराज का निधन संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है। कथक के पर्याय रहे बिरजू महाराज देश के प्रसिद्ध शास्त्रीय नर्तक थे। वे भारतीय नृत्य की कथक शैली के आचार्य और लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने के प्रमुख थे। बिरजू महाराज का जन्म 4 फरवरी 1938 को लखनऊ के कालका-बिन्दादीन घराने में हुआ था। बिरजू महाराज का नाम पहले दुखहरण रखा गया था। यह बाद में बदल कर बृजमोहन नाथ मिश्रा हुआ। इनके पिता का नाम जगन्नाथ महाराज था, जो लखनऊ घराने से थे और वे अच्छन महाराज के नाम से जाने जाते थे। बिरजू महाराज जिस अस्पताल में पैदा हुए, उस दिन वहां उनके अलावा बाकी सब लड़कियों का जन्म हुआ था, इसी वजह से उनका नाम बृजमोहन रख दिया गया। जो आगे चलकर बिरजू और फिर बिरजू महाराज हो गया। पंडित जी या महाराज जी के उपनाम से लोकप्रिय रहे बिरजू महाराज को देश के शीर्ष कथक नृतकों में से एक माना जाता रहा है। दशकों से वह कला जगत के सिरमौर रहे हैं। उनका संबंध कथक नृतकों के महाराज परिवार से रहा है। उनके चाचा शंभू महाराज और लच्छू महाराज भी कथक के नृतक थे। इसके अलावा उनके पिता और गुरु अच्छन महाराज भी हिंदुस्तानी क्लासिकल म्यूजिक के बड़े कलाकार थे। कथक नृत्य के जरिए सामाजिक संदेश देने के लिए बिरजू महाराज को हमेशा याद किया जाएगा। बिरजू महाराज ने देवदास, डेढ़ इश्किया, उमराव जान और बाजी राव मस्तानी जैसी फिल्मों के लिए डांस कोरियोग्राफ किया था। इन्होंने सत्यजीत राय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी में संगीत दिया था। बिरजू महाराज को 1983 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और कालिदास सम्मान भी मिला था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और खैरागढ़ विश्वविद्यालय ने बिरजू महाराज को डॉक्टरेट की मानद उपाधि दी थी। पिता



अच्छन महाराज को अपनी गोद में महज तीन साल की उम्र में ही बिरजू की प्रतिभा दिखने लगी थी। इसी को देखते हुए पिता ने बचपन से ही अपने यशस्वी पुत्र को कला दीक्षा देनी शुरू कर दी। बचपन से मिली संगीत व नृत्य की घुट्टी के दम पर बिरजू महाराज ने विभिन्न प्रकार की नृत्यावलियों जैसे गोवर्धन लीला, माखन चोरी, मालती-माधव, कुमार संभव व फाग बहार इत्यादि की रचना की। सत्यजीत रॉय की फिल्म शतरंज के खिलाड़ी के लिए भी इन्होंने उच्च कोटि की दो नृत्य नाटिकाएं रचीं। इन्हें ताल वाद्यों की विशिष्ट समझ थी, जैसे तबला, पखावज, ढोलक, नाल और तार वाले वाद्य वायलिन, स्वर मंडल व सितार इत्यादि के सुरों का भी उन्हें गहरा ज्ञान था। 1998 में अवकाश ग्रहण करने से पूर्व पंडित बिरजू महाराज ने संगीत भारती, भारतीय कला केंद्र में अध्यापन किया व दिल्ली में कत्थक केंद्र के प्रभारी भी रहे। इन्होंने हजारों संगीत प्रस्तुतियां देश में देश के बाहर दीं। बिरजू महाराज ने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए। उन्हें प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादम, पद्म विभूषण मिला। मध्य प्रदेश सरकार सरकार द्वारा इन्हें कालिदास सम्मान से नवाजा गया। बिरजू महाराज को कई सम्मान मिले। 1986 में उन्हें पद्म विभूषण से नवाजा गया। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा कालिदास सम्मान प्रमुख हैं। इनके साथ ही इन्हें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं खैरागढ़ विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि मानद मिली। 2016 में हिन्दी फ़िल्म बाजीराव मस्तानी में मोहे रंग दो लाल गाने पर नृत्य-निर्देशन के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार मिला। 2002 में उन्हें लता मंगेश्कर पुरस्कार से नवाजा गया। 2012 में विश्वरूपम के लिए सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन का और 2016 में बाजीराव मस्तानी के लिए सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशन का फिल्म फेयर पुरस्कार मिला। बिरजू महाराज को कथक में नये आयाम नृत्य-नाटिकाओं को जोडने और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कथक को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कलाश्रम की स्थापना की।

# दक्षिणी ध्रुव में हरप्रीत चंडी का प्रचंड

**सूडोकु नवताल- 5957**

✱✱✱✲✡ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5956 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**अरुण नैथानी**

चारों तरफ निर्जन बर्फीला इलाका, बर्फबारी, रक्त जमाती ठंड में तेज हवाएं और अकेली जान। कल्पना करके ही रूह कांपती है। मगर सही मायनों में चंडी बनकर एक भारतवंशी हरप्रीत ने अकेले बर्फीले दक्षिणी ध्रुव पहुंचकर नया इतिहास रच दिया। एक आम स्त्री से इतर अपनी सीमाओं से परे जाकर हरप्रीत चंडी ने यह कारनामा कर दिखाया। वह कहती भी है कि 'मेरा यह अभियान मेरी क्षमताओं से कहीं आगे था। हममें अपनी सीमाओं से आगे जाकर अनूठा कर गुजरने का संकल्प होना चाहिए। खुद पर विश्वास करने से यह संकल्प पूरा हो सकता है।' अपने इस अभियान में हरप्रीत साहस-संकल्प के साथ आगे बढ़ती गई। दुनिया को अपने नियमित ब्लॉग लेखन से अपनी कामयाबी के किस्से बताती रही। विषम परिस्थितियों में जूझते हुए आगे बढ़ने में गजब का जज्बा दिखाया हरप्रीत ने। इस तरह वह अकेले दक्षिणी ध्रुव का अभियान पूरा करने वाली पहली अश्वेत महिला बनकर इतिहास का हिस्सा बन गई।

दरअसल, दक्षिणी ध्रुव धरती का सबसे ठंडा, सबसे ऊंचा, सर्वाधिक शुष्क व तेज हवाओं वाला महाद्वीप है जहां सामान्य मानव जीवन संभव नहीं है। कोई स्थायी रूप से वहां रह नहीं सकता। यह अभियान शुरू करने से पहले हरप्रीत को भी दुनिया के इस जटिलतम परिवेश वाले इलाके के बारे में कोई खास जानकारी नहीं थी। लेकिन इस दुर्गम इलाके की मुश्किलों ने हरप्रीत को इस इलाके में जाने के लिये प्रेरित किया। दरअसल, बिना किसी सहायता के अकेले इस दुर्गम यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली हरप्रीत ब्रिटिश सेना की सिख रेजिमेंट की सैनिक अधिकारी हैं। कैप्टन हरप्रीत महज उन्नीस साल की उम्र में रिजर्व आर्मी में भर्ती हुई। फिर पच्चीस साल की उम्र में नियमित सेना का हिस्सा बनी। उसकी भूमिका फिजियोथेरेपिस्ट की है। वह सैन्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण देती है। वर्तमान में ब्रिटिश सेना में क्लीनिकल ट्रेनिंग अधिकारी है। हरप्रीत ब्रिटेन में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के मेडिकल रेजिमेंट में नियुक्त है। साथ ही उसकी पढ़ाई भी जारी है और क्वीन मैरीज यूनिवर्सिटी से स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज मेडिसिन में पीजी कर रही है। एक कुशल धावक भी है। एथलीट के रूप में कई मैराथनों में भाग लिया है। वह संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना का भी हिस्सा रही है, जिसके अंतर्गत उसने नेपाल, केन्या व दक्षिण सूडान में अपनी सेवाएं दीं।

इस कामयाबी को अंजाम देने वाली हरप्रीत 'पोलर प्रीत' के नाम से भी जानी जाती है। इस कठिन यात्रा के चालीस दिनों में हरप्रीत ने 1,127 किलोमीटर का सफर तय किया। यह सोचकर रूह कांपती है कि इस निर्जन इलाके में कैसे हरप्रीत ने शून्य से पचास डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान में नब्बे किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड वाली हवाओं के बीच यह यात्रा पूरी की होगी। साथ ही नब्बे किलो भार वाले स्लेज गाड़ी को अकेले खींचना, जिसमें उसका जीवन रक्षा का सामान रहता था। कुछ साल पहले तक ध्रुवीय दुनिया के बारे में कुछ न जानने वाली हरप्रीत आज उस पर विजय पताका लहरा चुकी है। उसकी सफलता का उद्घोष दुनिया को सही मायनों में नारी शक्ति की हकीकत का अहसास करा गया। निस्संदेह, हरप्रीत शारीरिक व मानसिक तौर पर एक मजबूत प्रतिनिधि चेहरा है। वह हमेशा से सामान्य जीवन से इतर कुछ खास करने को प्रतिबद्ध रही है। वह सामान्य से आगे अपना नया सामान्य बनाने में विश्वास रखती है। वह इसे परंपरा से विद्रोह नहीं मानती, लेकिन सामान्य की सीमाओं को तोड़ना चाहती है। अपनी इस जटिल व बेहद कष्टकारी यात्रा का आंखों देखा हाल हरप्रीत बाहरी दुनिया को अवगत कराती रही। इसके लिये उसने लाइव ट्रैकिंग मैप अपलोड किया था। वह इस बर्फीले संसार की हकीकत नियमित ब्लॉग लिखकर शेष दुनिया को बताती रही। फौलादी इरादों वाली हरप्रीत मानती है कि यदि हम इरादा कर लें तो सब कुछ करने में सक्षम हैं। साथ ही अन्य बातें महत्व नहीं रखती हैं कि आप कहां से हैं और कहां से शुरुआत कर रहे हैं। हम में से हर एक कहीं न कहीं तो शुरुआत करता ही है। दरअसल, पोलर प्रीत के नाम से पहचानी जाने वाली हरप्रीत ने अपने साहसिक अभियान की शुरुआत नवंबर, 2021 में की थी। वह सात नवंबर को चिली रवाना हुई, जिसकी शुरुआत उन्होंने दक्षिणी ध्रुव के प्रवेश द्वार हरक्यूलिस इनलेट से अकेली की। यह यात्रा आसान नहीं थी। उसे अपने सामान के लिये नब्बे किलो वजनी स्लेज गाड़ी खींचनी थी, जिसमें करीब डेढ़ माह का भोजन, ईंधन व जरूरी उपकरण भी शामिल थे। इस दुर्गम इलाके में शेष दुनिया से संपर्क के बिना रहना निस्संदेह, बेहद चुनौतीपूर्ण होता है।

## गरीबी और अमीरी की खाईः ताजा आंकड़े

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

कोरोना की महामारी ने सारी दुनिया को अर्थ-व्यवस्था पर बुरा असर डाला है, लेकिन जो देश सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, उनमें भारत अग्रणी है। यों तो भारत सरकार और हमारे अर्थशास्त्री जो आंकड़े बघारते रहते हैं, उनसे लगता है कि हमारी अर्थव्यवस्था की सेहत बड़ी तेजी से सुधर रही है और हमें निराश होने की जरुरत नहीं है लेकिन स्विटजरलैंड में चल रहे वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम में ऑक्सफोम की जो रपट जारी की गई, वह भारतीयों के लिए काफी चिंता का विषय है। भारत में मार्च 2020 से नवंबर 2021 तक लगभग साढ़े चार करोड़ लोग गरीबी की सीढ़ी से भी नीचे याने घोर दरिद्रता के पायदान पर जा बैठे हैं। अर्थात ये वे लोग हैं, जिनके पास खाने, पहनने और रहने के लिए न्यूनतम सुविधाएं भी नहीं हैं। इसका सरल शब्दों में अर्थ यह है कि भारत के करोड़ों लोग भूखे हैं, नंगे हैं और सड़कों पर सोते हैं। उनकी चिकित्सा का भी कुछ ठिकाना नहीं है। जो अत्यंत दरिद्र नहीं हैं, ऐसे लोगों की संख्या उनसे कई गुना ज्यादा है। वे भी किसी तरह जिंदा है। उनका गुजारा भी रो-पीटकर होता रहता है। 40 प्रतिशत लोग मध्यम वर्ग के माने जाते हैं। ये भी बेरोजगारी और मंहगाई के शिकार हो रहे हैं। ये राष्ट्रीय आय के सिर्फ 30 प्रतिशत पर गुजारा कर रहे हैं। निम्न मध्यम वर्ग के 50 प्रतिशत लोग सिर्फ 13 प्रतिशत राष्ट्रीय आय पर किसी तरह अपनी गाड़ी खींच रहे हैं। देश के सिर्फ 10 प्रतिशत अमीर लोग कुल राष्ट्रीय आय के 57 प्रतिशत पैसे पर मजे लूट रहे हैं। उनमें भी मुट्ठीभर अति अमीर लोग उस 57 में से 22 प्रतिशत पर हाथ साफ कर रहे हैं। देश में अरबपतियों की संख्या में 40 नए अरबपति जुड़ गए हैं। इतने अरबपति तो यूरोप में भी नहीं हैं। उनकी कुल संपत्ति 53 लाख करोड़ रु. है। देश के सिर्फ 10 अमीरों की संपत्ति इतनी बढ़ी है कि उस पैसे से देश के सारे स्कूल-कालेज बिना फीस के 25 साल तक मुफ्त चलाए जा सकते हैं। देश के हर जिले और बड़े शहर में बढ़िया अस्पताल और दवाखाने खोले जा सकते हैं। इसमें शक नहीं है कि हमारे पूंजीपति अपने अथक परिश्रम और व्यावसायिक मेधा का इस्तेमाल करके भारत की संपदा बढ़ा रहे हैं लेकिन हमारी सरकारों का दायित्व है कि इस बढ़ती हुई संपदा का लाभ आम जनता तक पहुंचे। यदि सरकार इस सर्वोच्च सत्य पर ध्यान नहीं देगी तो यह अमीरी और गरीबी की खाई इतनी गहरी होती चली जाएगी कि देश किसी भी दिन अराजकता में डूब सकता है।

# सरपंचो को वित्तीय खजाने की चाबी देने के बाद जागे पूर्व पार्षद




**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिला मुख्यालय कलेक्टेड से है जहाँ आज शहर के सभी पूर्व पार्षदों ने आकर आज मुख्यमंत्री के नाम का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में आम-जन के हितार्थ, विकास एवं सफाई को दृष्टिगत रखते हुये एवं मा0 मुख्यमंत्री महोदय की लागू प्रशासकीय व्यवस्था पूर्णतः असफल होने के बिन्दू को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय निकाय चुनाव अविलम्ब कराने अथवा वैकल्पिक दृष्टि में पूर्व की परिषद को बहाल कर आम जन को राहत देने बावत् ज्ञापन 7

## माननीय महामहिम जी, उपरोक्त विषयांतर्गत आम जनता के हितार्थ ज्ञापन दिया गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिए गए ज्ञापन में बताया गया यह कि, महामहिम जी को विदित है कि वर्तमान में कोरोनाकाल को दृष्टिगत रखते हुये मा0 मुख्य मंत्री महोदय म.प्र. शासन द्वारा स्थानीय नगरीय निकायों के चुनावों को विगत दो वर्षो से विलम्बित कर रखा है।

पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा नगरीय निकायों के चुनावों को स्थगित कर प्रशासनिक अधिकारी को नगरपालिका, नगरनिगम, नगर परिषदों में प्रशासक के रूप में नगरियनिकायों की कमान सौंप दी थी। किन्तु प्रशासक नियुक्त होने के बाद से ही यह देखने में आ रहा है कि नगरिय निकायों द्वारा आम जन की सुविधा के लिये जारी योजनाऐं जैसे बिजली-पानी-सड़क-सफाई आदि.... दे.... आदि. पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। चुने हुये प्रतिनिधि न होने के कारण आम जन को अपने छोटे-छोटे कार्य जो नगरीयनिकार्या में पड़ते रहते है उन कार्यों को कराने में भी अत्यधिक असुविधों का सामना इस प्रशासनिक व्यवस्था के तहत करना पड़ रहा है।

विगत दो वर्षो से प्रशासनिक व्यवस्था नगरीयनिकायों में लागू हो जाने के बाद से ही निर्माण कार्यों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है एवं वहीं लाल फीताशाही आम जनता पर हावी नजर आती है। जो कि लोकतंत्र के लिये उचित नहीं है।

विगत दो वर्षो से नगरीयनिकायों में जन-प्रतिनिधियों के अभाव में बार्डो की समुचित साफ-सफाई एवं बार्ड में होने वाले छोटे छोटे कार्यों पर प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान नहीं जा पाता है जिस कारण आम जन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर के बार्डो में भारी गंदगी भी देखने को मिल रही है। जिस कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सफाई के उद्देश्य को पा पाना असंभव है।

उक्त सभी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये, आम जनता के हितार्थ अविलम्ब नगरीय निकाय के चुनाव कराया जाना अति आवश्यक है। यदि कोरोनाकाल को दृष्टिगत रखते हुये यदि नगरीय निकायों के चुनाव कराना संभव न हो सकते तो वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पूर्व की परिषद को बहाल किया जाना न्यायोचित है, जिससे आम जनता को राहत मिल सकेगी एवं व्यवस्थाऐं पूर्व की भांति सुचारू रूप से चल सकेगी। जिससे आम लोगों को नगर पालिका में और अपने आसपास सफाई के लिए लाइट के लिए बिजली के खंभों पर बंद लाइट 2 सालो से लोग चालू करने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है लेकिन किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नही हो रही है पिछले 2 सालों से आम लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनकी किसी भी प्रकार की कार्य की कोई भी सुनवाई नगरपालिका में नहीं की जाती और वर्तमान में पदस्थ सीएमओ शैलेंद्र अवस्थी जी अपना ऑफिस अपना घर पर ही चलाते हैं और नगरपालिका में नहीं बैठते इसके कारण कोई भी कर्मचारी अपना कार सही ढंग से नहीं करता है और अपनी मनमानी करता है बात गंदगी की करें तो वर्तमान समय में नगर पालिका में ही इतनी गंदगी पसरी हुई है शहर को साफ करना तो इनके बस में भी नहीं।

## वन-टू-वन

### कुलदेवी के मंदिर निर्माण के लिए दी 1000 वर्ग फिट भूमि दान,हुआ भूमिपूजन



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** लहार के वार्ड क्रमांक 10 में खंगार क्षत्रिय समाज की कुलदेवी मां गजानन माता के मंदिर निर्माण हेतु कमलेश सिंह परिहार द्वारा अपनी निजी भूमि से 1000 वर्गफीट भूमि दान की।जिसका भूमिपूजन 16 जनवरी 2022 को पंडित श्री योगेन्द्र रावत जी द्वारा कराया गया।जिसमें लहार नगर से सी एल वर्मा,कोमल सिंह परिहार जी,एन आर खेगर जी,अमर सिंह जी,राजेंद्र सिंह दाऊ, विश्वनाथ सिंह जी,ओमप्रकाश सिंह परिहार जी,बाबूसिंह परिहार नेताजी , अतरसिंह जी महेश सिंह,मुन्नासिंह जी ग्यानसिह जी,नाहर सिंह जी हिम्मत सिंह जी बलवीर सिंह जी,सरनाम सिंह डा़ रनवीर सिंह,धर्मेंद्र सिंह जी भगवान सिंह,बृजेन्द्र सिंह जी गुड्डू परिहार, विक्रमसिंह परिहार जी महेश सिंह रविन्द्र सिंह,गुटाली सिंह मनोज सिंह जी आदि खंगार समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।।

### सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का शीघ्र निराकरण किया जाए : संजय वाल्मीकि



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**आलमपुर ।**राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने नगर परिषद आलमपुर प्रवास पर सफाई कर्मचारियों की बैठक ली बैठक में सफाई कर्मचारीयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपनी समस्यायों से अवगत कराया । एडवोकेट श्री वाल्मीकि ने समस्यायों के निराकरण के लिए लिए रिमाइंडर पत्र सीएमओ के नाम लेखापाल शिवशंकर जाटव को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारीयों को एरियर का भुगतान, एनपीएस कार्ड, ईपीएफ कटौत्रा आदि समस्यायों के निराकरण की मांग की। लेखापाल ने समस्यायों का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों को बच्चों को शिक्षित करने एवं झाडू छोड़ो कलम उठाओ अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

# पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा आयोजित ऑनलाइन शीत समीर साहित्यिक महोत्सव में रचनाकारों ने शीत प्रभाव का किया वर्णन।

**पुष्पांजली टुडे**

पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा शीत ऋतु में समाज के विभिन्न वर्गों पर पड़ने वाले ठंड के प्रभाव को दर्शाने के उद्देश्य से ऑनलाइन %शीत समीर साहित्यिक महोत्सव% का आयोजन किया गया। जिसका विषय - ठंड का प्रभाव रखा गया। इस महोत्सव में अर्चना वर्मा (क्यूबेक, कनाडा) सहित देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक ठंड के नकारात्मक और सकारात्मक प्रभावों को दर्शाने वाली रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन शीत समीर साहित्यिक महोत्सव की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस महोत्सव में कुसुम अशोक सुराणा (मुंबई, महाराष्ट्र), अर्चना वर्मा (क्यूबेक, कनाडा) और वंदना जैन (ठाणे, महाराष्ट्र) की रचनाओं ने सभी का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। इस महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन पुनीत शब्द सुमन सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के अध्यक्ष जी ने ठंड के कहर से जूझ रहे लोगों की सहायता करने वाले समाज सेवकों की सराहना की और रचनाकारों से भी अपनी क्षमता



अनुसार ठंड के कहर से जूझ रहे लोगों को स्वेटर, कंबल आदि दान करके उनकी सहायता करने की प्रार्थना की। उन्होंने महोत्सव में प्रस्तुत की गई रचनाओं पर अपनी महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया देकर रचनाकारों का मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन किया और रचनाकारों को आने वाले ऑनलाइन साहित्यिक महोत्सवों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सादर आमंत्रित भी किया। इस महोत्सव में उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालों में प्रमुख नाम चंचल जैन, कुसुम अशोक सुराणा, अर्चना वर्मा, वंदना जैन, डॉ. उमा सिंह बघेल, संध्या रामप्रीत, सुनीता सोलंकी %मीना%, मीता लुनिवाल रचनाकारों के रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में ब्रह्मा बाबा का मनाया 53 वा स्मृति दिवस



**मुरैना से गौरव शर्मा**
**पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर आश्रम पोरसा पर परमपिता ब्रह्मा बाबा का 53 बा स्मृति दिवस मनाया गया तथा राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी किया गया हम सभी को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में मेडिटेशन के लिए थोड़ा समय अवश्य ही निकालना चाहिए ताकि दिन भर हम ऊर्जावान बने रहें पूरे भारतवर्ष में आज के दिन ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस को दिव्य शांति दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है ब्रह्मा बाबा को आश्रम पर उपस्तित सभी भाई बहनों अतिथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की रेखा बहन ने बताया कि ब्रह्मा बाबा के जीवन से हम सभी भाई बहनों को सीखना चाहिए की ईश्वरीय सेवा में उन्होंने अपना तन मन धन संकल्प सभी लगाकर अपना जीवन सफल किया इसी प्रकार से हमें भी ईश्वरीय सेवा में अपना सब कुछ लगाकर ईश्वर को समर्पित कर देना चाहिए ताकि हमारे जीवन में सुख शांति समृद्धि बनी रहे कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता बीके रेखा बहन महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता संतोष प्रजापति गुरुनारायण गुप्ता श्याम मुरारी बाबा जसराम गुप्ता सत्यवती बहन सरोज बहन कृष्णमुरारी गुप्ता राम रतन आदि लोग उपस्थित रहे



## सीरवी समाज डोंबीवली वडेर मुंबई (महाराष्ट्र ) की नयी कार्यकारिणी का गठन

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**मुबई** :-सीरवी समाज डोबींवली वडेर मुंबई (महाराष्ट्र ) की कार्यकारिणी का चुनाव करवाने के उपलक्ष्य में दिनांक 17/01/2022, सोमवार सुबह को आमसभा आयोजित की गई थी। सर्वप्रथम श्री आईमाताजी की आरती करके पूर्व कार्यकारिणी ने अपना इस्तीफा समाज को प्रस्तुत किया। समाज ने कार्यकारिणी का इस्तीफा मंजूर कर नई कार्यकारिणी गठन का कार्य शुरू किया गया। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी का 3 साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर आमसभा की सर्वसहमति से उमेद काग को अध्यक्ष पद हेतु चुना गया। उसके बाद उपस्थित समाज बन्धुओ ने कार्यकारिणी पदाधिकारीओ का गठन किया।

# 35 हजार की रिश्वत लेते पटवारी अभिनव चतुर्वेदी लोकायुक्त ने रंगे हाथो किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** अभी अभी खबर आ रही हैं कि शिवपुरी शहर के छावनी हल्के के पटवारी को लोकायुक्त पुलिस ने 35 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया हैं। बताया जा रहा हैं कि पटवारी एक भवन के नामांतरण के लिए 40 हजार की रिश्वत की डिमांड कर रहा था,बिना रिश्वत के भवन का नामांतरण नही किया जा रहा था। इस मामले के फरियादी ने परेशान होकर अंतत्लोकायुक्त की शरण ली।



जानकारी के अनुसार शिवपुरी शहर का छावनी हल्के मे पदस्थ पटवारी अभिनव चतुर्वेदी को आज पटवारी के निवास स्थान आर्शीवाद हॉस्पिटल के पास फतेहपुर रोड पर 35 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथो पकडा हैं। इस मामले में फरियादी बने राजेन्द्र जैन निवासी पुरानी शिवपुरी ने बताया कि मेरा एक मकान जो गुरुद्वारे पर स्थित हैं।

उसका मुझे नामांतरण करना था। इस कारण में पटवारी अभिनव चतुर्वेदी से मिला। पटवारी अभिनव ने मुझे लगातार आज आना कल आना किया उसके बाद उसने मुझसे 40 हजार रुपए की रिश्वत की डिमांड की। मैंने कहा कि इतने पैसे थोड़ी लगते हैं पटवारी ने बताया कि पूरी एसडीएम ऑफिस में देना पड़ता हैं,मामले की डिलिंग हुई और सौदा 35 हजार रुपए की रिश्वत में तय हो गया।

इस मामले को लेकर राजेन्द्र जैन ने ग्वालियर जाकर लोकायुक्त पुलिस को बताया। पूरी कागजी कार्रवाई करने के बाद आज दोपहर 12 बजे इस रिश्वतखोर पटवारी को 35 हजार रुपए रिश्वत देना तय हुआ। फरियादी राजेन्द्र जैन ने पटवारी के घर गया। रिश्वत में 2 हजार के 17 नोट 500 के 2 नोट दिए जैसे ही राजेन्द्र जैन ने यह नोट पटवारी के दिए और उसने गिनने लगा। राजेन्द्र जैन ने लोकायुक्त पुलिस को इशारा कर दिया।

घर के बहार खडी लोकायुक्त पुलिस ने पटवारी को रंगे हाथो पकड लिया,अचानक से आई लोकायुक्त पुलिस की टीम को पटवारी अभिनव चतुर्वेदी चौक गया और कार्रवाई का विरोध भी करने लगा। बताया जा रहा है कि पटवारी ने यह रिश्वत कुछ रशीद और अधिकारियों के नाम पर मांगे थे।

### यह थी लोकायुक्त की टीम

रिश्वतखोर पटवारी पर इस छापामार कार्यवाही में डीएसपी प्रद्युम्न पाराशर,टीआई आराधना डेविस,टीआई कविन्द्र सिंह चौहान आरक्षक देवेन्द्र पवैया,आरक्षक बलवीर सिंह,आरक्षक धीरज नायक सहित इंद्रभान सिंह आरक्षक शामिल थे।

# शिवपुरी पुलिस ने सहकारी बैंक कोलारस से हुए करीवन 80 करोड़ रूपये के घोटाले का मुख्य आरोपी (10000 रूपये का इनामी) बैंक केशियर एवं दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर करोड़ों की संपत्तियों का किया खुलासा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर कोलारस की हैं जहाँ दिनांक 28.08.2021 को फरियादी फरियादी जनार्दन सिंह कुशवाह शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक शाखा कोलारस तथा फरियादी श्री मुकेश जैन उपआयुक्त जिला सहकारिता जिला शिवपुरी ने अपने 15 बैंक कर्मचारी अधिकारियों एवं अन्य के विरुद्ध करीब 80 करोड़ 56 लाख 21 हजार 342 रुपये की शासकीय राशि का षडयंत्र पूर्वक गबन कर खातों में फर्जी जमा की एंट्रीयां कर नगद व चैक व हृश्वस्नञ्ज कर घोटाला किये जाने की रिपोर्ट करने पर अपराध क्रमांक 386/21 धारा 409 भादवि, इजाफा धारा 420, 467, 468,471,120 बी भादवि व अपराध क्रमांक 15/22 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 120बी ताहि का पंजीबद्ध कराया गया थई उक्त घोटाले के अपराध को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी के द्वारा गंभीरता से लेते हुए अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया व एस डीओपी कोलारस श्री निरंजन सिंह राजपूत को अतिशीघ्र घोटाले के आरोपीयों को गिर कर राशि बरामद कराने के लिये निर्देशित किया गया।

थाना प्रभारी कोलारस निरीक्षक आलोक सिंह भदौरिया द्वारा मुखबिर की सूचना पर से मुख्य आरोपी (10000 रूपये इनामी) को दिनांक 11.01.2022 को संस्कार सिटी वृंदावन (मथुरा) उ.प्र. से गिरफ्तार किया गया तथा उक्त आरोपी ने पुछताछ में बताया कि उसके पिता सहकारिता बैंक में सुपरवाइजर के पद पर बदरवास शाखा में पदस्थ थे) दिनांक 12.12.1996 में उनकी मृत्यु होने से मुझे अनुकंपा नियुक्ति वर्ष 1997 में चपरासी के पद पर सर्वप्रथम जिला सहकारी बैंक शाखा रन्नौद में मिली थी उसके बाद जिला सहकारी बैंक शाखा कोलारस, शिवपुरी पुनः वर्ष 2005 में कोलारस शाखा में पदस्थ रहा उक्त शाखा में आरोपी भ्रत्य से कैशियर के पद के लिये वर्ष 2010 में शाखा प्रबंधक ने ठहराव प्रस्ताव कर कैशियर के पद पर पदस्थ किया, तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा आरोपी की आईडी वर्ष 2013 में, के तैयार करवाई उसके बाद से ही तत्कालीन शाखा प्रबंधक, आपरेटर व बाद में आये शाखा प्रबंधकों के साथ मिलकर



ज़जिला सहकारी बैंक शाखा कोलारस में अपने परिवार एवं परिचितों के खातों में फर्जी जमा राशियों की एंट्रीयां कर उन ज़ खातों से हृश्वस्नञ्ज, ऋञ्जत्रस्ऱ एवं चैक के माध्यम से परिवार, परिचितों तथा बैंक सहयोगी साथियों के अन्य बैंको के खातों में जमा दिखाकर चैकों के माध्यम से, हृश्वस्नञ्ज तथा नगदी के रूप में घोटाला कर घोटाले की रकम आपस में, बांट लिये थे भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कोलारस से चैकों के माध्यम से नगद राशि का आहरण कर गबन किया गया। उक्त घोटाले की राशि में से आरोपी ने अपने परिवार के नाम से कोलारस में एक मकान, सिंघडा फार्म कोलारस में प्लाट, ग्राम गुनाटोरी तहसील कोलारस में 36 बीघा जमीन कोलारस में दाल मील, आटा मील, गुंजारी नदी कोलारस के पास जमीन तथा ग्राम कुसवन में जमीन तथा नई पुरीनी बसें करीवन 60-70 तथा ट्रक करीबन 15-20 तथा सोने के जेवरात खरीदना बताया है उक्त बस व ट्रकों को गवन की राशि को छुपाने के लिये फायनेंस कम्पनियों से अगल अलग फायनेंस करवाये थे कुछ पुरानी बसें खरीदी थी जिनके मालिकों को नगद व खातों में रूपये ट्रांसफर कर दिये थे परन्तु बसें नाम ट्रांसफर नहीं होने से मूल मालिकों के द्वारा केश लगने से वापस खींच ली गई थी। एक अन्य महिला आरोपी दिनांक 12.01.2022 को एवं उसके भाई दिनांक 13.01.2022 को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की जाने पर उन्होंने अपने हिस्से की घोटाले की राशि में से करैरा में प्लाट व गुनाटोरी में जमीन करीबन 36 वीघा तथा शिवपुरी में 2 मकान व करैरा में 2 मकान एवं सोने के जेवरात खरीदे तथा बस, ट्रक, कार जीपें एवं मोटर साईकिलें खरीदी होना बताया। सोने के करीबन 650 ग्राम जेवरात को मुथूट गोल्ड फायनॅश शिवपुरी में रखकर 20 लाख रूपये का लोन लेना बताया गया

बरामद संपत्ती- मुख्य आरोपी से कोलारस में 2 मकान व एक आटा मिल व प्लोट को पूर्व में सहकारिता विभाग द्वारा शील किया है तथा महिला आरोपी के भाई से एक ङ्कङ्क 500 महिन्द्रा कंपनी की रजि. क्रमांक क्क३9क्व्य6969 एवं महिला आरोपी से एक स्कोर्पियो महिन्द्रा कंपनी की रजि. क्रमांक क्क३9क्वक्क6969 बरामद की गई है तथा जो अन्य बसें, ट्रक, जमीन मकान, प्लाट, सोना-चांदी के जेवरात एवं अन्य बैंको के करीब 30-35 खाते सामने आये है जिनमें भारी मात्रा की राशि का आदान प्रदान हुआ है उनकी बरामदगी के लिये रिकवरी की कार्यवाही एवं विवेचना एवं अन्य आरोपीयों की गिर के प्रयास किये जा रहे हैं। उक्त कार्यवाही मे एसडीओपी कोलारस श्री निरंजन सिंह राजपूत, थाना प्रभारी कोलारस निरी. आलोक सिंह भादौरिया, उनि. शिखा तिवारी, उनि. रूपेश शर्मा, उनि. योगेन्द्र सेंगर, कावा. उनि. रामचंद्र शर्मा, प्रआर दिलीप राजावत, प्रआर. भूपेन्द्र तोमर, सायबर सेल से प्रआर. देवेन्द्र सेन आर. पुष्पेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कोविड-19 की लड़ाई को देव तुल्य स्वास्थ्य कर्मचारियों जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने जन सेवा भाव का कार्य किया : लाल सिंह आर्य

### मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य ने कोविड-19 योद्धाओं डॉक्टरों नर्सिंग स्टाफ एवं सफाई कर्मचारियों का पुष्पमाला एवं अंगवस्त्र लाकर सम्मानित किया


**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि किशोर वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ हो चुका है कोरोना वायरस की सुरक्षा का कवच है 7 आज पूरे विश्व में 100 करोड़ से अधिक लोगों ने दोनों डोज लगवाकर इस लड़ाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा स्वास्थ्य विभाग से लेकर अन्य विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से संपूर्ण हुआ है 7 किशोर वैक्सीनेशन अभियान में भाजपा कार्यकर्ता प्राण-प्रण से एकजुट होकर अपने-अपने मंडलों के बूथ केंद्रों पर जाकर लोगों से संपर्क कर 15 से 18 वर्ष की अवस्था के किशोर युवाओं को तथा स्कूली छात्रों को टीका लगवाने के लिए जागृत करें द्य यह उद्गार उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों के सम्मान समारोह में जिला अस्पताल परिसर में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए व्यक्त किए 7 इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य वरिष्ठ नेता केशव सिंह भदोरिया एवं अस्पताल परिषद के सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल मंचासीन थे संचालन वन खंडेश्वर मंडल के अध्यक्ष अमित जैन द्वारा किया गया

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने विनम्र अपील करते हुए कहा कि एक बार फिर हमारे देश में करोना के केसेस तेजी से बढ़ने लगे है हम सभी को याद है यही गति पिछले साल मार्च में थी और अचानक अप्रैल मई में यह वायरस तांडव करने लगा था हम सभी लोगो ने हमारे अपनों को खोया पुनः सावधान होने की जरूरत है आज भी मैं चारो ओर देखता हूंतो लगता बहुत कम लोग सावधान है मास्क जो कि सुरक्षा कवच है बहुत कम लोगो के चेहरे पर दिखता है सभी तरह के वैज्ञानिक विश्लेषण में यह सिद्ध हो चुका है कि यदि मास्क लगा है तो 90त्न तक संक्रमित होने की संभावना कम हो जाती है तो संकल्प लीजिए की यदि घर की दहलीज के बाहर कदम रखेंगे तो मास्क पहनकर ही जाएंगे भले ही आप घर के सामने ठेले वाले से सब्जी लेंगे तो भी आपके चेहरे पर मास्क लगा होना ही चाहिए सबसे सस्ता और सुगम आसान साधन है उसे लगाने मात्र से हम छुपे हुए शत्रु से बच सकते है, केवल मन के कोने में यह दृढ़ संकल्प करने की जरूरत है कि बिना मास्क के हमे बाहर निकलना ही नहीं है, जरा-सी असावधानी हमे मुसीबत में डाल सकती है, शेष आप सभी सावधानियां जानते हैं, सभी सुरक्षित रहे, स्वस्थ्य रहें अपने विधानसभा क्षेत्र अटेर एवं संपूर्ण भिंड जिले के साथ-साथ मध्य प्रदेश की जनता को जागरूक करते कहां की मास्क और सामाजिक दूरी के साथ-साथ कोरोना बीमारी में तय की गई 7 केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा गाइडलाइन और प्रोटोकॉल के पालन के लिए आम जनता को जागरूक करने के लिए एक अभियान व्हाट्सएप और सोशल मीडिया के साथ-साथ स्कूली बच्चों के वैक्सीनेशन को सफल बनाने के प्रयास हमारे संगठन के माध्यम से किए जाएंगे, इसके लिए विशेष कार्य योजना भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार ने किशोर वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया है समस्त सर्व समाज के लोग अपने अपने बच्चों को दोनों डोज अवश्य लगवाने के लिए जन जागरूकता का कार्य 15 वर्ष 18 वर्ष की उम्र के विद्यार्थियों को वैक्सीनेशन लगवाने के लिए बच्चों के पालकों को जाग्रत करें आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का सेवा ही संगठन का लक्ष्य रहा है एवं जिस प्रकार कोरोना वायरस जैसे संकटकाल में कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार जनों का सहयोग किया था 7 उन्होंने कहा कि इसी तरह किशोर वैक्सीनेशन अभियान में हम सबको अपने-अपने केंद्रों पर सेवा भाव का कार्य करना है 7 यही पार्टी एवं स्वयंसेवी संस्थाएं के लिए उचित होगा और शासन के लक्ष्य को हम आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगे मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हम सबको किशोर वैक्सीनेशन अभियान के लिए जागृत किया है लक्ष्य तभी पूर्ण होगा प्रदेश में जब हम अपने-अपने जिलों में स्कूली छात्रों को और 15 से 18 वर्ष आयु के युवाओं को परिवार सहित टीका लग जाएंगे तो कोरोना वायरस की महामारी से हम अपने मध्य प्रदेश को मुक्त कर पाएंगे।



## वन-टू-वन



### ग्वालियर में किशोरी की हत्या का नया खुलासा, न्यूड शव फेंका था, रजाई, बाल व काले रंग की कुर्ती बरामद...

**केशव पंडित जी चम्बल ब्यूरो...??**

**ग्वालियर...** अपहरण कर किशोरी के साथ दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या करने के मामले में पकड़े गए तीनों आरोपित ने पुलिस के सामने नया खुलासा किया है। आरोपित ने पुलिस के सामने कबूल किया कि किशोरी के शव को न्यूड अवस्था में पुल से चंबल नदी में फेंका था। शव फेंकने के बाद उसके कपड़े भी चंबल में फेंक दिए थे। पुलिस ने तीनों आरोपित को पांच दिन की रिमांड लिया है। चंबल से किशोरी का शव बरामद करने के लिए आंतरी थाना पुलिस तीनों आरोपित को मंगलवार की सुबह इटावा के चंबल पुल पर लेकर गई थी। पुलिस ने आरोपित की सुरागदेही पर मृतक किशोरी की काले रंग की कुर्ती बरामद कर ली है।

#### रजाई, बाल व काले रंग की कुर्ती बरामद

पुलिस तीन दिन की पड़ताल में किशोरी के शव को बरामद तो नहीं कर पाई है। पुलिस जिस रजाई में शव को लपेटकर फेंका था, उस रजाई के अलावा आरोपित की सुरागदेही पर मृतका के काले रंग की कुर्ती, ट्रक उसके बाल बरामद कर चुकी है। पुलिस के पास आरोपित व किशोरी के बीच चेटिंग भी मौजूद है। पुलिस का दावा है कि आरोपित के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व हत्या कर लाश को चंबल में फेंकने के संबंध में कई ठोस साक्ष्य जुटा लिए हैं। जो कि आरोपित को उनके जुर्म की सजा दिलाने के लिए काफी हैं।

### नुन्हाटा गांव में श्री मद्भागवत कथा की शोभा कलस यात्रा



**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** नुन्हाटा में भव्य शोभा कलश यात्रा कर श्री मद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हुआ।यह यात्रा दोपहर 01 बजे शुरू हुई।यह यात्रा गाँव के प्राचीन देव स्थानों पर जाकर भागवत कथा का आमंत्रण पत्र देते हुए भागवताचार्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री रामभूषणदास जी महाराज साथ रहे।कथा पारीक्षत आदिशक्ति माँ काली को बनाया गया है।साथ में श्री श्री1 1008 शिवमोहनदास जी सरकार, श्री श्री 108 श्रीकृष्णदास जी महाराज(मंदिर के पुजारी), रक्षपाल सिंह ब्रजभान,सोनू सिंह,लोकेंद्र तिवारी,शैलू सिंह,विनोद सिंह,सुरेंद्र सिंह,रिंकू तिवारी तथा समस्त ग्रामीणवासियों ने पूजा अर्चना कर कलश यात्रा महिलाओं और बेटियों द्वारा सभी देव स्थलों पर जाकर पूजा अर्चना करते हुए शंकर जी काली माता के मंदिर आदि स्थानों से होते हुए यात्रा भागवत पंडाल में जाकर कलश स्थापित किये। भागवत आचार्य श्री रामभूषण दास जी के द्वारा आरती कर भागवत कथा का प्रथम अध्याय शुरू किया।यह कथा 17 जनवरी से 23 जनवरी तक चलेगी।कलश यात्रा के बाद प्रथम दिवस की कथा वाचन में श्री मद्भागवत कथा के महात्मन से परिचय कराया गया। श्री महाराज जी ने कहा कि श्री मद्भागवत कथा ब्रह्म विद्या का विज्ञान है ।यह व्यक्ति को भावमय जीवन की ओर ले जाकर परमात्मा का चिंतन कराता हुआ, परमात्मा की प्राप्ति सहज रूप से करा देता है,यही भागवत शास्त्र की विशेषता है। श्री मद्भागवत ज्ञानदीप है, श्री मद्भागवत भगवान की शव्द मूर्ति है,जिसके सेवन से जीव के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं।

# सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया तीन दिवसीय प्रवास आज बनाएंगे

### शोक संवेदना परिवारों के बीच एवं ग्राम पंचायतों में भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने तीन दिवसीय निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत 19 जनवरी से 21 जनवरी तक भिंड जिले के प्रवास पर रहेंगे एवं कई लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम तथा शोक संवेदना परिवारों के बीच पहुंचकर संवेदना व्यक्त करेंगे द्य

भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया अपने निर्धारित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत 18 जनवरी को ग्वालियर आएंगे उसके दूसरे दिन 19 जनवरी को वहां से सुबह 10ः00 बजे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय सिंह



भदौरिया के निवास स्थान भिंड शहर के गर्ल्स स्कूल वाली गली पहुंचकर उनके पिताजी के शोक निधन पर शोक व्यक्त करेंगे द्य

सहकारिता मंत्री भदौरिया 10ः15 बजे जोरी ब्राह्मण गांव के सरपंच अखिलेश पुरोहित के निवास लोधी नगर भिंड पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, 11ः00 बजे भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज यादव के निवास स्थान ग्राम गढ़पुरा पहुंचकर उनके पिताजी के निधन पर शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे द्य

मंत्री डॉक्टर भदौरिया 12ः00 बजे ग्राम पंचायत रिदौली में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन 1ः30 बजे ग्राम पंचायत में पर बौरेश्वर मार्ग का लोकार्पण 2ः30 बजे कदौरा 3ः00 बजे खरिका एवं 20 जनवरी को 11ः00 बजे दीनपुरा के ग्राम मिरचौली से कनकुरा मार्ग का भूमिपूजन 12ः00 बजे रानी विरगंवा में विकास कार्यों का लोकार्पण 1ः30 बजे फूप 2ः30 बजे समन्ना 3ः30 बजे बरही 4ः30 बजे रानीपुरा 21 जनवरी को 11ः00 बजे मटघाना 12ः30 सकराया 2ः00 बजे गजना 3ः00 बजे दुल्हागन 4ः00 बजे मढैयापुरा पहुंचकर शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन एवं सड़क मार्ग तथा अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे द्य

# भाजपा समर्थक मंच के पदाधिकारियों ने ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक सांघी को श्रीगणेश की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया



**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**ग्वालियर।** भाजपा समर्थक मंच के पदाधिकारियों ने शहर की कानून व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं ग्वालियर पुलिस अधीक्षक अमित शादी से मुलाकात कर ग्वालियर शहर की सुरक्षा व्यवस्था एवं गली और महलों में पुलिस गश्त तथा अन्य विषयों पर विस्तार रूप से चर्चा की और वही पुलिस अधीक्षक ने भाजपा समर्थक मंच के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। भाजपा समर्थक मंच के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक शिष्टाचार भेंट कर ग्वालियर शहर में बड़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने और सामाजिक कार्यों मे शामिल होने पर उनका ध्यान आकर्षित करायाद्य ग्वालियर पुलिश अधीक्षक ने, मंच के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि बो सदैव अपराध पर नियंत्रण के लिए हर संभव साथ देने को तैयार हैं। मंच के पदाधिकारियों ने ग्वालियर पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट करते हुए कहा जिस तरह एसपी आपने ग्वालियर महानगर में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है उसके लिए उनको एवम् समस्त पुलिस प्रशासन को हृदय से सभी ने धन्यवाद दिया व आगामी समय में भाजपा समर्थक मंच की तरफ से सभी को सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर भाजपा समर्थक मंच के मध्य प्रदेश संगठन महामंत्री आशीष तोमर एवम् मध्य प्रदेश संगठन मंत्री विशाल सिंह बिसेन के साथ ग्वालियर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम राठौड़ एवम् ग्वालियर जिला मंत्री श्री मती किरण सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# देसी शराब के ठेके पर नाबालिगों को बेची जा रही शराब,कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

### सात दिवस के अंदर ठेके पर नहीं हुई कार्यवाही तो करेंगे आंदोलन :मानसिंह



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मौजूदा सरकार मंच से खड़े होकर लाख दलीले करती है।बच्चों के भविष्य को लेकर लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण बच्चों के भविष्य को खतरे में डाला जा रहा है।वही आबकारी अधिकारी अपने दफ्तर से निकलना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कलेक्टर सतीश कुमार एस को समस्त कार्यकर्ताओं के साथ ना सिर्फ ज्ञापन सौंपा बल्कि सात दिन की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हमें आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

बता दें कि अटेर रोड के मुरलीपुरा मोड़ पर स्थित देसी शराब के ठेके पर नाबालिक बच्चों को शराब बेची जा रही है। जिस का गहरा प्रभाव न सिर्फ बच्चों के भविष्य पर पड़ रहा है।बल्कि वह आपराधिक प्रवृत्ति के शिकार हो रहे हैं।वही आबकारी अधिकारी अपने दफ्तर से निकलकर एक भी बार निरीक्षण नहीं करते हैं। जिसकी वजह से देसी शराब का ठेका चलाने वाली लोग बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।और उन्हें शराब का आदी भी कर रहे है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कलेक्टर को ना सिर्फ ज्ञापन दिया बल्कि साक्ष्य भी प्रस्तुत किया वही सात दिवस का समय देते हुए कहा कि जल्द ही आबकारी अधिकारी और ठेका संचालक पर कार्रवाई नहीं हुई तो हमें आंदोलन का रुख अपनाना पड़ेगा। ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से अरविंद अरेले,अमर सिंह शाक्य,शिवम सैंथिया,राजेंद्र सिंह परिहार,रामबरन सिंह कुशवाह आदि लोग मौजूद रहे।

# नेत्रहीन माँ-बेटे के बीच सहायता देने पहुंचे एसडीएम

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



**दबोह-** नगर दबोह के वार्ड क्र.2 में निवासरत एक नेत्रहीन सदस्यों के परिवार के संबंध में एसडीएम लहार आर.ए प्रजापति को सूचना मिली थी कि दबोह के वार्ड 2 में नेत्रहीन परिवार रहता है जिनको शासन से कोई सहायता नहीं मिलती है।इस तथ्य की जांच स्वयं एसडीएम लहार ने नगर परिषद दबोह की टीम के साथ वार्ड क्र.2 दबोह में निवासरत रामसेवक विश्वकर्मा के परिवार में पहुंचकर की।जानकारी लेने पर पता चला कि रामसेवक विश्वकर्मा पुत्र डरू निवासी चौक मोहल्ला वार्ड क्र.2 दबोह नेत्रहीन नहीं है उसे प्रतिमाह वृद्धा पेंशन प्राप्त होती है।उसकी पत्नी उम्र 55 वर्ष एवं उसका पुत्र आशीष उम्र 26 वर्ष दोनों नेत्रहीन है।जिनके डॉक्यूमेन्टस (कागजात) लिये जाकर दोनों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन नगर परिषद दबोह से स्वीकृत करा दी गयी है।इस परिवार में अन्योदय राशनकार्ड होने से 35 कि.ग्रा.राशन प्रतिमाह उचित मूल्य दुकान से प्राप्त हो रहा है।श्री रामसेवक की पुत्री मनीषा उम्र 35 वर्ष एवं मनीषा की पुत्री शिवन्या उम्र 5 वर्ष दोनों नेत्रहीन है किन्तु मनीषा की शादी ग्राम दावनी तहसील सेवढा जिला दतिया में होने से वहीं रहती है तथा इसको प्रतिमाह 600/- रूपये पेंशन प्राप्त होती है।मनीषा के पति राजेन्द्र पुत्र रामरतन विश्वकर्मा निवासी ग्राम दावनी तहसील सेवढा जिला दतिया में रहते हैं।इस प्रकार मनीषा और उसकी नेत्रहीन पुत्री शिवन्या दतिया जिले की निवासी होने से अब रामसेवक विश्वकर्मा निवासी दबोह के परिवार की सदस्य नहीं है।रामसेवक विश्वकर्मा निवासी दबोह को प्रधानमंत्री आवास दिनांक 03.11.2021 को कलेक्टर महोदय द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है।जिसका डीपीआर बनने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है।डीपीआर राशि स्वीकृति उपरांत आवास तैयार करा दिया जायेगा।

**समाचार पत्र में छपी खबर का एसडीएम ने किया खण्डनः** यहां बता दें कि बीते रोज एक समाचार पत्र में गलत जानकारी प्रकाशित की गई जिसमें सारे परिवार को नेत्रहीन परिवार बताया गया जो मौके पर पहुँचकर गलत पाया गया।एसडीएम ने कहा कि ऐसी गलती खबरें प्रकाशित करने से समाज का माहौल खराब होता है।

# मध्य प्रदेश इन जिलों में आज कोल्ड डे-घने कोहरे का अलर्ट...

### 22जनवरी के बाद फिर बारिश सोमवार को

### भिंड, ग्वालियर, विदिशा, राजगढ़, शिवपुरी, टीकमगढ़ सिवनी में तीव्र शीतल दिन रहा...

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**चम्बल संभाग...** मध्?य प्रदेश के मौसम में बदलाव का दौर जारी है। बर्फीली हवाओं के चलते ठंड और शीतलहर का कहर जारी है और कई जिलों में कोहरा भी छाया हुआ है। पिछले 24 घंटे में सबसे न्यूनतम तापमान ग्वालियर में 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। एमपी मौसम विभाग ने आज मंगलवार 18 जनवरी 2022 को 9 जिलों में शीतलदिन से तीव्र शीतलदिन (ष्टश्वद्यस्र ष्ठड्ड4) और 13 जिलों में मध्यम से घने कोहरे (स्नश्वद्द) के चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है।वही नए वेदर सिस्टम बनने से 3-4 दिन बाद फिर बारिश (ऋड्डद्बठ्ठ) के संकेत मिल रहे है।



मौसम विभाग के मुताबिक, वर्तमान में राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है और आज मंगलवार को भी एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में प्रवेश करने के आसार है, जिसके चलते मौसम और तापमान में परिवर्तन के आसार है। हवा के ऊपरी भाग में बने इस वेदर सिस्टम के असर से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर जिलों में रात के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।वही 20 के बाद बारिश के आसार भी बन रहे है। मौसम विभाग के मुताबिक पाकिस्तान से आ रही हवाओं के कारण कोहरा और ठंड का असर देखने को मिल रहा है।राजस्थान में बनने वाले चक्रवात से 22 जनवरी के बाद कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पूर्वी मध्यप्रदेश महाकोशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में देखने को मिलेगा और 22 जनवरी के बाद कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 21 के बाद ग्वालियर, चंबल, उज्जैन, इंदौर और भोपाल संभागों में कहीं-कहीं बादल छा सकते हैं।इसके सक्रिय होने से 22 जनवरी के बाद कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को भिंड, ग्वालियर, विदिशा, राजगढ़, शिवपुरी, टीकमगढ़, सिवनी में तीव्र शीतल दिन रहा। इसी तरह रायसेन, गुना, अशोक नगर, मुरैना, छतरपुर, सीधी, दमोह, जबलपुर, शहडोल, शाजापुर एवं नीमच जिलों में शीतल दिन रहा।मंगलवार की सुबह ग्वालियर-चंबल, रीवा, जबलपुर, सागर, गुना, एवं उज्जैन संभागों के जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाया रहा। प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना एवं टीकमगढ़ जिलों में घने कोहरे की वजह से दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही।वही उमरिया में 4.7, नौगांव, खजुराहो व में दतिया 05 और गुना में 5.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

#### इन राज्यों में बारिश के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के 21 जनवरी से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। 19 और 20 जनवरी को अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की या मध्यम बारिश की संभावना है। हिमालयी क्षेत्रों यानी हिमाचल प्रदेश, जम्मू, कश्मीर और उत्तराखंड में 18 जनवरी मौसम बदलने के आसार है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान में 21 से 23 जनवरी तक बारिश हो सकती है।

**9 जिलों में शीतलदिन से तीव्र शीतलदिन का येलो अलर्ट**

**रीवा, सतना,सीधी, टीकमगढ़, छतरपुर, सिंगरौली, ग्वालियर, दतिया, भिंड,**

**13 जिलों में मध्यम से घने कोहरे का येलो अलर्ट**

**भिंड, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, सागर, टीकमगढ, छतरपुर, रीवा, सतना, सीधी, उज्जैन, निवाड़ी और शाजापुर...**

# महापुरुषों की प्रतिमाओं की अनदेखी को लेकर विधायक सतीश सिकरवार हुए खफा

### विधायक डॉ. सिकरवार ने मुख्यसचिव ओर आयुक्त को पत्र लिखा



ग्वालियर । कांग्रेस विधायक डॉ.सतीश सिकरवार ने प्रदेश के मुख्य सचिव, संम्भागीय आयुक्त और नगरनिगम आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि देश की आजादी में विशेष योगदान देने वाले वीर क्रांतिकारी महापुरुषों की जयंती - पुण्यतिथि गणमान्य खिलाड़ियों ,खेल संस्थाओं ,सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित तिथि को मनाया जाता है । महा पुरुषों की जयंती - पुण्यतिथि होने के पूर्व प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई पुताई प्रकाश पानी का कार्य करने का दायित्व नगर निगम प्रशासन का होता है, लेकिन मेरे द्वारा बार-बार यह महसूस किया जा रहा है कि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में कोताही व उदासीनता बरती जा रही है। जिसके कारण समाज में लोगों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो जाती है। कैप्टन रूप सिंह का जन्म दिवस एवं स्वतंत्रता संग्राम की नायिका क्रांतिकारी वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई प्रकाश व्यवस्था धुलाई एवं प्रतिमा स्थल तक जाने हेतु बनाए गए पहुंच मार्ग रेलिंग टूटी पाए जाने पर मेरे द्वारा स्थानीय जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए गए । मगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। भविष्य में महापुरुषों की जयंती होने के एक-दो दिन पूर्व प्रतिमा स्थल पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं उत्तरदायित्व निर्धारित करने हेतु निर्देश दें । महा पुरुषों की प्रतिमाओं की अनदेखी को वर्दाश्त नहीं किया जाएगा । विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा है कि अनेक सामाजिक संगठनों ने मुझे महा पुरुषों की प्रतिमाओं की अनदेखी करने की शिकायतें की है। ऐसी लापरबाही की में निंदा करता हूँ। आपसे आग्रह है कि इस दिशा में कठोर कदम उठाएं, जिससे लोगों की नाराजगी दूर हो सके ।

## निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर। जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करायें। आवेदक अपनी समस्या लेकर निगम के चक्कर न लगाये। उक्ताशय के निर्देश आज निगमायुक्त श्री किशौर कन्याल ने जनसुनवाई सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता व उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित विभागाधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के वार्ड 22 के न्यू शिवाजी कॉलोनी ठाठीपुर के निवासियों ने पुलिया से अस्थाई अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में, वार्ड 4 घाटमपुर नौमहला घासमंडी के श्री गंगाराम शाक्य ने सार्वजनिक रास्ते पर पडे बिडिल्ग मटेरियल को उठाये जाने, वार्ड 29 दर्पण कॉलोनी ठाठीपुर के श्री आरसी जायसवाल ने नाले की शिल्ट हटाये जाने, वार्ड 27 राम नगर के समस्त प्रार्थीगणों ने सफाई कराये जाने के संबंध में अपना आवेदन निगमायुक्त श्री कन्याल को दिया। जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग एक दर्जन आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

## स्वच्छता में आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए वार्ड स्तर पर आयोजित की जाएंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

### स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छे नवाचार करने वालों को भी किया जाएगा पुरस्कृत, आमजन भी दे सकते हैं नवाचार के आइडियाज

ग्वालियर। स्वच्छता अभियान में आम जनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए वार्ड स्तर पर विभिन्न स्वच्छता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं जिसमें प्रत्येक वार्ड में जीरो वेस्ट हाउस, जीरो वेस्ट संस्थान एवं जीरो वेस्ट कॉलोनी सहित शत प्रतिशत कचरा सेग्रीकेशन देने वाले हाउस संस्थान एवं कॉलोनी की श्रेणियों में प्रति सप्ताह प्रतियोगिता कराकर का पुरस्कार वितरण करें। उक्त आशय के निर्देश निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली स्वच्छता समीक्षा के दौरान सभी वार्ड मॉनिटरों को दिए। समीक्षा के दौरान संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। वीसी के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने यह भी निर्देश दिए कि सभी वार्ड मॉनिटर अपने अपने वार्ड में नवाचार भी करें इसके लिए वह इस सप्ताह अपने आइडियाज दें और अगले सप्ताह उनका क्रियान्वयन करें जो भी नवाचार सबसे अच्छा होगा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही सभी वार्डों के नागरिक भी स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार के लिए अपने कांसेप्ट दे सकते हैं सबसे अच्छे कांसेप्ट को स्वीकार कर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने व वार्ड में प्रचार-प्रसार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। चर्चा के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में जो अपर आयुक्त, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं वार्ड मॉनिटर अच्छा कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा तथा जो निम्न स्तर का कार्य करें उन्हें प्रसन्नता पत्र जारी किया जाए। वहीं गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए सबसे कम जुर्माना करने वाले वार्ड मॉनिटर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि सभी वार्ड मॉनिटर अपने अपने वार्ड में स्थाई कचरा ठिया कुल कितने हैं कितने समाप्त कर दिए और कितने समाप्त करना बाकी है इसकी जानकारी आज ही दे दें और बाकी कचरा ठिया समाप्त करने के लिए जो भी संसाधनों की आवश्यकता है वह प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जो भी अधिकारी वीसी से अनुपस्थित रहते हैं उन्हें आज कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### अवंतिका गैस लिमिटेड के ठेकेदार एस आर इंटरप्राइजेज से जल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त करने पर वसूला 40 हजार अर्थदंड

ग्वालियर। अवंतिका गैस लिमिटेड के ठेकेदार द्वारा वार्ड 19 स्थित प्रीतम विहार में गैस लाइन बिछाई जाने से मैन डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया जिसके चलते संबंधित ठेकेदार से 40 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। उपायुक्त ग्वालियर पूर्व श्री एपीएस भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दिनांक 18 जनवरी को प्रातः जल प्रदाय के कर्मचारियों द्वारा सूचित करने पर की गैस लाइन बिछाई जाने से मैन डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे लगभग 9 लाख लीटर पेयजल व्यर्थ बह गया है। मामले को गंभीरता को देखते हुए तत्काल स्थल पर पहुंचकर संबंधित ठेकेदार को बुलाया गया एवं अवंतिका गैस लिमिटेड के अधिकारियों को भी बुलाया गया। व्यर्थ में बहे पानी की राशि नगद अवंतिका गैस लिमिटेड के ठेकेदार एस आर इंटरप्राइजेज से रु 40,000 जमा करवाए गए एवं पेयजल लाइन रिपेयर में आए खर्चे को स्वयं गैस लिमिटेड के ठेकेदार द्वारा वाहन किया जावेगा। स्थल पर पाइप लाइन रिपेयर का कार्य गतिशील है।

### वार्ड 19 में 47 नवीन कनेक्शन स्वीकृत कर वसूला 1 लाख 84 हजार जलकर

ग्वालियर। उपायुक्त श्री भदौरिया ने बताया कि आज वार्ड क्रमांक 19 में नवीन जल कनेक्शन हेतु कैंप का आयोजन किया गया उक्त कैंप के अंतर्गत 47 नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत किए गए एवं जल प्रदाय के कर्मचारियों द्वारा घर घर जाकर 167 रसीदें जारी कर 184332 की वसूली की गई। प्रातः जल प्रदाय के समय निरीक्षण में पाए गए 10 पाइप लाइन लीकेजों को भी जो?ा गया है। जिसमें गोविंदपुरी, रिसाला बाजार, शकुंतला पुरी, हनुमान नगर, आदित्यपुरम एवं सिंधिया नगर के क्षेत्र सम्मिलित हैं। उपायुक्त श्री भदौरिया के द्वारा बताया गया कि नल जल कनेक्शन देने हेतु प्रतिदिन क्षेत्रों में जल प्रदाय स्टॉप पहुंचकर कार्रवाई कर रहा है एवं स्थल पर ही जल कनेक्शन स्वीकृत किए जा रहे हैं।

## शिकायतकर्ता की संतुष्टी के साथ करें सीएम हेल्पलाइन का निराकरण: निगमायुक्त



ग्वालियर। सीएम हेल्पलाइन के तहत आने वाली शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ता की संतुष्टी के साथ निर्धारित समयसीमा में गम्भीरता से पूर्ण करें तथा नागरिकों के हित के लिए आगे आकर कार्य करें जिससे आमजनों में निगम के कर्मचारियों के प्रति विश्वास बढे। हमारा प्रयास रहना चाहिए कि 24 घंटे में समस्या का निराकरण कर शिकायताकर्ता को संतुष्टिपूर्ण जबाव दें। उक्ताश्य के निर्देश सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने दिये। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, नोडल अधिकारी सीएम हेल्पलाइन डा प्रदीप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

निगम के प्रशासनिक भवन के सभागार में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री कन्याल ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, जिसमें नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि दिसम्बर माह की कुल 572 शिकायतें अभी तक लंबित हैं, जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी शिकायतों का संतुष्टीपूर्ण निराकरण तत्काल कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही ज्यादा लंबित शिकायतों वाले अधिकारियों से बात की और सभी को अपनी-अपनी शिकायतों का निराकरण शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देशित करते हुए कहा कि शहर में स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनायें इसके साथ ही प्रत्येक अधिकारी सुबह क्षेत्र में भ्रमण कर सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का निराकरण संतुष्टि के साथ बंद करायें तथा स्वच्छता से संबंधित आने वाली शिकायतों का निराकरण उसी दिन किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही राजस्व, साफ सफाई, स्वस्थ्य सेवाएँ, पेयजल, सिविल, सीवेज, प्रकाश व्यवस्था, आवारा पशु, उद्यान, र्स्माट सिटी, मदाखलत जनकल्याणकारी योजना आदि की शिकायतों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का निराकरण शीघ्र करें जिससे हम प्रदेश में उच्चत्तम स्थान पर आ सकें।

## वार्ड 55 में कचरा ठिया समाप्त कर बनाई रंगोली, नागरिकों से किया कचरा न डालने का आग्रह



ग्वालियर। स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पंहुचाने एवं ग्वालियर को सबसे स्वच्छ शहर बनाने के उददेश्य से नगर निगम ग्वालियर द्वारा विभिन्न वार्ड स्तर पर विभिन्न नवाचारों के माध्यम से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जहां एक ओर वर्षों पुराने कचरा ठियों को साफ कर उन स्थलों को आकर्षक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आमजनों को भी सडक के किनारे या चौराहे पर कचरा न फेंककर घर या दुकान का कचरा केवल निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के मार्गदर्शन में निगम के प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी द्वारा यही प्रयास किया जा रहा है कि हमारा ग्वालियर सबसे स्वच्छ ग्वालियर कैसे बने। इसी क्रम में स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय सिंह के मार्गदर्शन में वार्ड मॉनेटर श्री अंकित परिहार के प्रयास से क्षेत्र के 21 के तहत वार्ड 55 में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत अवाड़पुरा परिक्रमा क्षेत्र हैदरी वाले कोने पर बने पुराने कचरा ठिया को समाप्त कर रंगोली बनाई गई तथा आमजनों को कचरा न फेंकने की अपील की गई। इस दौरान डब्ल्यूएचओ श्री दयाचंद माहौर, सहायक श्री शुभम गोडयाले एवं श्री सनी ने नागरिकों को जागरुक किया। वहां के निवासियों द्वारा कहा गया कि हम स्वच्छता सर्वेक्षण में पूर्ण रुप से सहयोग करेंगे।

## भाजपा की तीनों विधानसभाओं की बूथ विस्तारकों की विधानसभावार कार्यशालाएं आज

ग्वालियर। भाजपा ग्वालियर महानगर की तीनों विधानसभाओं की बूथ विस्तारकों की विधानसभावार कार्यशालाएं कल 19 जनवरी को संपन्न होंगी। उक्त जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने दी।

श्री माखीजानी ने बताया कि ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के बूथ विस्तारकों की कार्यशाला दोपहर 12 बजे आराधना मैरिज गार्डन लक्ष्मीगंज में, ग्वालियर पूर्व विधानसभा के बूथ विस्तारकों की कार्यशाला दोपहर 2 बजे बैंबू रेस्टोरेंट, बालभवन के पास तथा ग्वालियर विधानसभा के बूथ विस्तारकों की कार्यशाला शाम 4 बजे श्याम वाटिका गोले का मंदिर में आयोजित होगी। इन कार्यशालाओं में मुख्य रूप से सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर जी, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सभागीय प्रभारी श्री जीतू जिराती, जिला प्रभारी श्री मधु वर्मा जी, सहप्रभारी श्री अरूण चतुर्वेदी जी उपस्थित रहेंगे।

कार्यशाला में मंडल विस्तारक, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक, बूथ विस्तारक, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के प्रबंधक, पार्शद आपेक्षित है।






## धर्म और भगवान पर विश्वास और आस्था होना बहुत जरूरी है: मुनिश्री

### अभूतपूर्व पावन वर्षायोग में ऑल लाइन मुनिराजों की मंगल अमृतवाणी चल रही है।

### दर्शनार्थी भी सुनने बैठ जाते मुनिश्री के शास्त्र प्रवचन....।



ग्वालियर। विपरीत स्थिति आते ही ज्यदातर लोग अपना धर्म छोड़ इधर.उधर भटकने लग जाते हैंए जो यह दर्शाता है कि तुम्हें अपने धर्म और भगवान पर भरोसा नहीं है। आपका इधर.उधर भटकना कोई पाप नहीं है किंतु ऐसा कर आप अपने धर्म और भगवान का अपमान जरूर कर रहे हो। इसलिए सबसे पहले अपने धर्म और भगवान पर विश्वास और आस्था होना बहुत जरूरी है। यह विचार राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज मंगलवार को नई सड़क स्थित चंपाबाग जैन धर्मशाला में ऑल लाइन धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा आपके अंदर इतनी श्रद्धा और आस्था होनी चाहिए कि यदि मुझे मरना भी पड़े तो मर जाऊंगा किंतु मन में तनिक भी संशय नहीं बल्कि अटूट श्रद्धा होनी चाहिए। ऐसी श्रद्धा जिस श्रद्धालु के अंदर धर्म और भगवान के प्रति होगीए उसका दुनिया की कोई भी शक्ति बांल.बांका नहीं कर सकती। उन्होंने यह भी कहा कि संकट के समय भगवान याद आते हैं। यदि केवल संकट के समय भगवान को याद करते हो तो फिर तुम्हारा संकट कम हो ही नहीं सकता। इसलिए हम सभी को अच्छे.बुरे सभी समय में भगवान की भक्ति करते रहना चाहिए।

### मुनिश्री को समाजजनों ने शास्त्र भेंटकर धर्मसभा का शुभारंभ हुआ

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी प्रियंका दीदी ने मंगल चरण कर किया। मुनिश्री के चरणों में योगेश बोहरा, विनय कासलीवाल, पंकज बाकलीवाल, संजीव अजमेरा, पंकज छाबड़ा, अनिल जैन, व गुरु भक्तों ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। शाम को गुरुभक्तों ने मुनिश्री दीपो से भजनों के साथ भव्य आरती की गई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478